रोहतक
शनिवार 16 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 101
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 40.9
न्यूून. 18.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 2027 वर्ल्ड कप पर कोहली का दो टूक, इतनी मेहनत के बाद भी अहमियत साबित करनी हो, तो नहीं!

## खबर संक्षेप

### बेरोजगारी दर अप्रैल में 5.2 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर अप्रैल महीने में 5.2 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो छह महीने का उच्च स्तर है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी पीएलएफएस मासिक बुलेटिन के मुताबिक, देश में बेरोजगारी दर का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2025 में भी 5.2 % था। भाषा

### आईटीआर-1 एवं -4 फॉर्म दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू कर दी। ये फॉर्म मुख्य रूप से छोटे और मध्यम करदाताओं द्वारा भरे जाते हैं। आयकर विभाग ने कहा कि फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी और ऑनलाइन फाइल करने की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध है।

### दिल्ली में नीट अभ्यर्थी ने खुदकुशी की

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ साल से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आज़ादपुर इलाके में अपने घर में खुदकुशी कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल से कोई 'सुसाइड नोट' नहीं मिला, लेकिन मृतक के परिवार वालों को संदेह है कि नीट परीक्षा रद्द होने के कारण उसने यह कदम उठाया। युवती के परिजन घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए और दावा किया कि उन्हें कानूनी प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी।

## 48 घंटे में सोना-चांदी और दूध के बाद तेल में लगी आग

# पेट्रोल व डीजल ₹3 और सीएनजी ₹2 किलो महंगी

### बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें मई 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली (भाषा)।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली वृद्धि है। कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों का घाटा बढ़ने के बीच यह वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। अब राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल अब 87.67 रुपये के मुकाबले 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दरें राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) के अंतर के कारण अलग-अलग होती हैं। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम और मुंबई में 84 रुपये प्रति किलोग्राम है। बता दें कि 48 घंटे में सोना-चांदी और दूध के बाद पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि घरेलू गैस और पीएनजी कीमतें नहीं बढ़ी हैं।



### अमेरिका-ईरान हमले ने बढ़ाई दिक्कतें

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमले के बाद और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद से 50% से अधिक बढ़ोतरी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हो गया जिससे दुनिया के तेल एवं गैस का पांचवां हिस्सा गुजरता है। इसलिए तेल को लेकर दिक्कतें बढ़ी हैं।

### दिल्ली में तेल-गैस की कीमतें

| तेल | पहले | अब |
|---|---|---|
| पेट्रोल | 94.77 | 97.77 |
| डीजल | 87.67 | 89.67 |
| सीएनजी | 77.09 | 79.09 |

### महंगा होने के मुख्य कारण

- कच्चे तेल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतें
- खाड़ी देशों में बढ़ा तनाव। होर्मुज बंद होने से भी तेल बाजार में अनिश्चितता का माहौल
- तेल कंपनियों पर लागत का दबाव बढ़ा। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर
- टैक्स और लेवी ने भी प्रभावित किया। वैश्विक स्तर पर दाम बढ़ने से ईंधन की कीमतों में तेजी आ रही है। इसका आमजन पर असर पड़ रहा है।

### हरियाणा में ये रेट

| | | | |
|---|---|---|---|
| रोहतक | पेट्रोल | 95.70 | 98.70 |
| | डीजल | 88.19 | 91.28 |
| | सीएनजी | 87.09 | 89.09 |
| पानीपत | पेट्रोल | 94.88 | 97.88 |
| | डीजल | 87.33 | 90.33 |
| गुरुग्राम | पेट्रोल | 95.30 | 98.29 |
| | डीजल | 86.77 | 90.77 |
| | सीएनजी | 77.09 | 79.09 |
| हिसार | पेट्रोल | 96.21 | 99.20 |
| | डीजल | 88.63 | 91.63 |
| | सीएनजी | 85.00 | 85.00 |

### राहत की उम्मीद
### भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता

**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई के दौरे पर पहुंच गए हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया। मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। (पैकेज पेज 8 पर)

### विदेशी यात्राओं पर टैक्स नहीं

पीएम मोदी ने विदेशी यात्रा पर सेस (टैक्स) लगाने वाली खबरों का खंडन किया है। उन्होंने खबरों का फैट करते हुए संबंधित स्क्रीन शॉट भी शेयर किया और कहा कि ये खबरें पूरी तरह से भ्रामक और गलत हैं। विदेश यात्रा पर पाबंदी या टैक्स लगाने जैसी सरकार की कोई योजना नहीं है।

# नीट-यूजी परीक्षा 21 जून को अगले साल से ऑनलाइन होगी

## पसंद का शहर चुनने का मिलेगा अवसर, 14 जून तक जारी होंगे एडमिट कार्ड

### छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम भी दिया जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा अगले साल से ऑनलाइन आयोजित करवाई जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया।



धर्मेंद्र प्रधान

इस बार पेपर पेंसिल से होगा एग्जाम
**'शिक्षा माफियाओं के खिलाफ होगी कार्रवाई'**

अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।' शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुआ था।

### पेपर लीक का मास्टर माइंड पुणे से पकड़ा

सीबीआई ने प्रश्नपत्र लीक मामले के 'सरगना' प्रोफेसर को पुणे से गिरफ्तार किया है। पुणे से



गिरफ्तार प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी लातूर के निवासी हैं और रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ हैं। वह कई वर्षों तक नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समिति का हिस्सा रहे थे। प्रश्नपत्रों तक पहुंच होने के कारण प्रोफेसर कुलकर्णी अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाते थे। एक अधिकारी ने बताया, 'अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह के दौरान प्रोफेसर कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को संगठित किया था।

## दो आईपीएस पदोन्नत

### नवदीप विर्क और कला रामचंद्रन को डीजी रैंक



नवदीप सिंह विर्क



कला रामचंद्रन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने 1994 बैच के दो वरिष्ठ आईपीएस को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से पदोन्नत कर पुलिस महानिदेशक (डीजी) के पद पर नियुक्त किया है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आदेश जारी किए हैं। पदोन्नत किए गए अधिकारियों में नवदीप सिंह विर्क हैं। वे अभी हरियाणा स्टेट एन्फोर्समेंट ब्यूरो के प्रमुख तथा एचपीयूएस (हरियाणा) पंचकूला में विजिलेंस एवं सिक्योरिटी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वहीं, कला रामचंद्रन वर्तमान में हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन की निदेशक हैं।

## करनाल में दिनदहाड़े वारदात

### महिला क्लर्क की सिर में गोली मारकर हत्या

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** सेक्टर-9 में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े एक महिला क्लर्क की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान डिंपल अरोड़ा (40) के रूप में हुई है। डिंपल हरियाणा बिजली वितरण निगम में क्लर्क के पद पर तैनात थीं और कर्मचारी यूनियन की प्रधान भी थीं। दोपहर करीब 1:11 बजे, डिंपल स्कूटी से घर पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने घर के बाहर स्कूटी खड़ी कर उसे लॉक करना शुरू किया, पीछे से बाइक पर आए हेलमेट पहने एक युवक ने उनके सिर से सटाकर गोली मार दी। गोली लगते ही डिंपल लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं और हमलावर मौके से फरार हो गया। पुलिस को घटना का सीसीटीवी फुटेज मिला है। वीडियो में दिख रहा है कि हमलावर पहले से ही रेकी कर रहा था।

**हेलमेट पहनकर आए बदमाश से नजदीक से सिर में मारी गोली**




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026.^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122, Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868, Assandh: Sandhu Hero, 9996571157, Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550, Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056, Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505, Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057, Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433, Gohana: Krishna Hero, 9289923026, Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082, Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147, Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050, Jind: National Hero, 9289922061, Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062, Karnal: Nirmal Hero, 9289922048, Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988, Ladwa: Khanna Hero, 9289922063, Mandidabwali: Karan Hero, 9289922490, Nuh: Sunil Hero, 9289923087, Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058, Narwana: Narwana Hero, 9289923101, Palwal: Devvaahan Hero, 9289922877, Panchkula: Regent Hero, 9289923161, Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059, Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393, Rewari: Virendra Hero, 9289922060, Rohtak: Shivam Hero, 9289922047, Sirsa: Khanna Hero, 9289923195, Sonipat: Madaan Hero, 9289922865, Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394, Hansi: Sunil Motors, 9821744694, Gurugram: Sec-18, Noble Enclave: Globe Agencies, 9289233915, Himgiri Hero, 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero, 9289923221, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero, 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Nit: Sehgal Hero, 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889, Panchkula: Regent Hero, 9289923161.

RS/Hero/05/26

# प्रदेश में बनेगा हेल्थ वार रूम, गर्भवती और शिशुओं की 24 घंटे होगी निगरानी

## विकसित देशों की तर्ज पर योजनाओं का लाभ मिलेगा प्रोफेशनल टीमों की मदद ली जाएगी : मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा किप्रदेश में शिशु और गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर को रिकॉर्ड स्तर पर कम करने के लिए वार रूम की तर्ज पर सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम बनाया जाए। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करेगा और पूरे प्रदेश में शिशु व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निगरानी करेगा, ताकि किसी भी प्रकार की चूक को रोका जा सके। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्यों को हरियाणा समय से पहले पूरा करेगा। इसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना और कार्यान्वयन रोडमैप की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्वस्तरीय प्रोफेशनल टीमों की मदद लेने के निर्देश दिए।

## जिलों में महिला हॉस्टल व बच्चों के लिए क्रेच सेंटर खोले जाएंगे : सैनी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में कामकाजी महिलाओं को सरकार और अधिक सुविधाएं देंगी। प्रत्येक जिले में वर्किंग वूमेन हॉस्टल व कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए क्रेच सेंटर खोले जाएंगे। हरियाणा में लिंगानुपात की दर को राष्ट्रीय औसत 933 से भी अधिक करने के लक्ष्य पर काम होगा। मुख्यमंत्री सैनी हरियाणा विजन-2047 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की आगामी 5 वर्षीय कार्ययोजना की समीक्षा कर रहे थे।

### भूमि विवादों का निपटारा करेंगी लोक अदालतें

**चंडीगढ़।** प्रदेश में जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने के लिए सभी जिलों में राजस्व लोक अदालतें लगाई जाएंगी। इनमें उपायुक्त, एसडीएम व तहसीलदार विवादित पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवादों का समयबद्ध ढंग से समाधान कराने का प्रयास करेंगे। सीएम ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की बैठक में निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री के दखल से सुलझा भजनलाल विवाद

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हस्तक्षेप के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल को लेकर उठा विवाद शांत होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की कार्यशैली और प्रदेश के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा को आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। वहीं, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भी अपने बयान पर खेद जताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका वक्तव्य किसी व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी नहीं था, बल्कि एक राजनीतिक व्यवस्था के संदर्भ में दिया गया था। उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल जमीनी स्तर के लोकप्रिय और सम्मानित मुख्यमंत्री रहे हैं।

### कुलदीप बोले-पार्टी को मजबूत करेंगे

इधर, भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने भी समर्थकों से सभी मतभेद भुलाकर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने सांसद रेखा शर्मा द्वारा खेद जताने पर संतोष व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### विज्ञान रत्न अवॉर्ड्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड्स और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड्स के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के नामांकन के लिए आयु की गणना 31 दिसंबर तक की जाएगी।

### राव नरेंद्र ने की तेल के दाम बढ़ाने की निंदा

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों ने देश की जनता को महंगाई की दोहरी मार झेलने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार इजाफा होने से आम आदमी का जीवन संकट में पड़ता जा रहा है और हर घर का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है।

### शिक्षामंत्री ने शिक्षकों व छात्रों को सराहा

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित की गई सीनियर सेकेंडरी (12वीं) और सेकेंडरी (10वीं) कक्षाओं के बेहतरीन परीक्षा परिणामों पर सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षक वर्ग को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की कड़े परिश्रम से ऐसा परिणाम आया है।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने करीब एक घंटे तक प्रदेश की राजनीति और पंजाब को लेकर चर्चा की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब में लगातार सक्रिय है।

## पंजाब की जनता आप सरकार के भ्रष्टाचार से तंग : नायब सैनी



**सिरसा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की ड्यूटी भ्रष्टाचार बढ़ाना नहीं होता, कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर तो वहां की जनता ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया था, लेकिन आज पंजाब में भ्रष्टाचार चरम पर है। पंजाब नशे की दलदल में फंसा है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब की भोली भाली जनता को सब्जबाग दिखाकर धोखा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत सिरसा से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन की रवानगी को लेकर आयोजित समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए अपनी कुर्बानी दी थी, लेकिन उनके सपनों का पंजाब बनने की बजाय यह भ्रष्टाचार, घोटालों का पंजाब बन चुका है। पंजाब में तहसील, थानों में बिना पैसे काम नहीं होता।

## ईंधन बचत के लिए कार-पूलिंग और ई-वाहनों को बढ़ावा दें : अनुराग रस्तोगी



**चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सरकारी कार्यों में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर दिए गए संदेश के मद्देनजर राज्य सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यालय, बैठकों और अन्य सरकारी कार्यक्रमों में आने-जाने के लिए अधिक से अधिक कार-पूलिंग को अपनाया जाए। साथ ही पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि वे अधिकारियों और कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन तथा अन्य वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए भी प्रेरित करें।

## किशोरियों को निःशुल्क मिलेंगे सेनेटरी नैपकिन

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर पूरी तरह से सजग और गंभीर है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता, सम्मान और सशक्तिकरणके उद्देश्य से महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत मेनस्ट्रुअल हाइजीन मिशन को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 10 से 45 वर्ष आयु वर्ग की बीपीएल श्रेणी की महिलाओं व किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5827

हमकि धर्मेन्द्र पुत्र भगवान सरूप पुत्र रामप्रसाद व प्रमिला देवी विधवा सन्जीव पुत्र भगवान सरूप, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024–25, के अनुसार खेवट न0 104 मिन/95, खाता न0 108 मिन, मु0 न0 26, किला न0 21/2/2(1–17), मु0 न0 27, किला न0 22(8–0), 23(8–0), 24(7–8), 25/2/1(2–12), मु0 न0 28, किला न0 12/1(6–13), 13/1(1–8), 13/2/1(0–16), 18/2(7–12), 20/2(6–17), 22/1(3–0), 23/1(4–15), मु0 न0 39, किला न0 1(8–0), 10/1(5–0), किते 14, तादादी रकबा 71 कनाल 18 मरले का 5/8 भाग, बकदर 44 कनाल 18.75 मरले (जिसमें धर्मेन्द्र 1/2 भाग व प्रमिला देवी 1/8 भाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 177/1438 भाग, बकदर 8 कनाल 17 मरले (1.10625 एकड़) (जिसमें धर्मेन्द्र 177/2876 भाग व प्रमिला देवी 177/2876 भाग) वाका रकबा मौजा देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर को बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 28, किला न0 12/1(6–13), 13/1(1–8), 13/2/1(0–16) किते 3, तादादी रकबा 8 कनाल 17 मरले (1.10625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 15.05.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## 15 एचपीएस का तबादला

**चंडीगढ़।** सरकार ने शुक्रवार को कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तुरंत प्रभाव से 15 हरियाणा पुलिस सेवा अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी इन आदेशों में कई महत्वपूर्ण जिलों के डीएसपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को बदला गया है।

**नवनियुक्त एसीपी** : सुरेश कुमार को गुरुग्राम, संदीप कुमार को सोनीपत, और कमलजीत सिंह को भी सोनीपत में एसीपी के पद पर तैनात किया गया है।

नवनियुक्त डीएसपीः रमेश कुमार को बिलासपुर (यमुनानगर), जितेश मल्होत्रा को दूसरी बटालियन आईआरबी (भोंडसी), और सोनू नरवाल को करनाल का डीएसपी नियुक्त किया गया है।

**विशेष नियुक्तियां**: अमरजीत सिंह और आर्यन चौधरी को टेलीकॉम विभाग में तैनात किया गया है, जबकि कपिल को गुरुग्राम में एसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सरकार ने इस फेरबदल में कुछ पूर्व में जारी किए गए तबादला आदेशों को रद्द भी किया है। इनमें नरेंद्र सिंह (डीएसपी पानीपत), अमन यादव (एसीपी क्राइम फरीदाबाद), सुरेश कुमार (डीएसपी पानीपत) और अभिलाष जोशी (एसीपी गुरुग्राम) के नाम शामिल हैं, जिनके पिछले आदेशों को निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा शाकिर हुसैन (डीएसपी सीआईडी) के तबादला आदेश को भी रद किया गया है।

## खेलों में पदक जीतने वाले कर्मियों को सरकार का तोहफा

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए अब खेल उपलब्धियों के आधार पर स्वीकृत वेतनवृद्धि संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा दावा स्वीकृत किए जाने के अगले महीने से प्रभावी होगी। पात्र सरकारी कर्मचारी को यह दावा संबंधित खेल प्रतियोगिता के समापन की तिथि से एक वर्ष के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहनों और वेतनवृद्धि संबंधी प्रावधानों को और अधिक स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नए निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देशों के तहत वर्ष 1990 में जारी पूर्व निर्देशों की समीक्षा के बाद खेल उपलब्धियों पर प्रदान की जाने वाली वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अतिरिक्त प्रावधान जोड़े गए हैं।

- इन्क्रीमेंट दावा करने के अगले महीने से ही लाभ मिलेगा, स्पेशल छुट्टी मिलेगी

## वकील अदालतों के लिए होते हैं विभागों के लिए नहीं : हाईकोर्ट

### विभागों में तैनात एडवोकेट को कोर्ट में तैनात करने का आदेश

**चंड़ीगढ़।** जिला अदालतों में अभियोजन पक्ष के वकीलों की भारी कमी के बीच सरकारी वकीलों की सरकारी विभागों में गैर न्यायिक कार्यों के लिए प्रतिनियुक्ति के मामले को गंभीरता से लेते हुए पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि वकील अदालतों के लिए होते हैं विभागों के लिए नहीं। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए 285 जिला अटॉर्नी, डिप्टी जिला अटॉर्नी और सहायक जिला अटॉर्नी को तत्काल प्रभाव से वापस बुलाकर एक सप्ताह में जिला अदालतों में तैनात किया जाए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि जिला अदालतें कानून अधिकारियों की भारी कमी से जूझ रही हैं, जिससे आपराधिक मामलों की सुनवाई और ट्रायल बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे की समीक्षा में पाया कि प्रशिक्षित कानून अधिकारियों की तैनाती बड़ी संख्या अदालतों की बजाय गैर न्यायिक कार्यों में की गई है, जबकि निचली अदालतों में अभियोजन पक्ष की रीढ़ माने जाने वाले अधिकारियों का अभाव है।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा योजना में फर्जीवाड़े पर कोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** कैथल जिले के गांव खरोड़ी की पंचायत भूमि को लेकर मेरी फसल मेरा ब्योरा योजना में कथित फर्जीवाड़े का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंच गया, जहां अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कैथल के डिप्टी डायरेक्टर को पूरे प्रकरण की जांच कर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस जगमोहन बंसल की अदालत में गुरमीत सिंह द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि गांव की पंचायत भूमि, जिसमें चरागाह भूमि भी शामिल है, को कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से अपने नाम पर 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल में पंजीकृत करवा लिया। याचिकाकर्ता के अनुसार यह योजना किसानों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित सरकारी लाभ देने के लिए बनाई गई थी, लेकिन गांव में इस व्यवस्था का दुरुपयोग कर फर्जी काश्तकार खड़े कर दिए गए।


### उद्यान विभाग, हरियाणा

**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर Water cooler (capacity 80 ltr.) खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर Water cooler (capacity 80 ltr.) की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित हैः-

| Sr. No. | Name of Item | Specification | Approx. Qty. Required | Rate/nos. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Water cooler | Storage Capacity: 80 Liters<br>Cooling Capacity: 40 Liters/Hour<br>Body Material: Full Stainless Steel (FSS) or Partial Stainless Steel (PSS)<br>Number of Taps: 2 Cold Water Taps | 1 | |

शर्तें-
1. फर्म के पास GST नं० होना चाहिए।
2. water cooler को निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय में पहुंचाना होगा।
3. किसी प्रकार की खराबी होने पर water cooler को वापिस लेना होगा अथवा साथ ही साथ ठीक करना होगा।

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 21/05/2026 दोपहर 2 बजे तक पोस्ट/कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे एवं भुगतान बजट की उपलब्धता अनुसार किया जाएगा।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1098/2027/45227/88/6 दि. 15.05.2026


## बिजली कंपनियों की याचिकाएं जनता पर बोझ डालने की साजिश

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री व इनेलो संरक्षक संपत सिंह ने बिजली वितरण कंपनियों की याचिकाओं को जनता पर आर्थिक बोझ डालने और कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम जनता से कैरींग कॉस्ट वसूलना चाहती हैं, जबकि वर्ष 2021 से लंबित 2,263 करोड़ रुपये के नकारात्मक एफएसए अधिशेष पर चुप्पी साधे हुए हैं, जो उपभोक्ताओं को लौटाया जाना चाहिए। प्रो. सिंह ने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2025 में सिक्किम यूआरजेए लिमिटेड को 1,300 करोड़ रुपये का भुगतान संदिग्ध तरीके से किया गया। उन्होंने इसकी स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए कहा कि



सरकार ने 1,971 करोड़ रुपये की सब्सिडी भी जारी नहीं की, जिससे डिस्कॉम को ऋण लेना पड़ा।

### सीएससी पर होगा किसानों का मुफ्त डिजिटल पंजीकरण

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य भर के कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) के माध्यम से किसान रजिस्ट्री तैयार करने के काम में तेजी लाने का निर्णय लिया है। वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस पहल से सरकारी सेवाएं सीधे ग्रामीण स्तर पर पहुंचेंगी। केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक पहल और पीएम-किसान योजना के तहत, किसान पंजीकरण और ई-केवाईसी का काम अब प्रदेश भर में सीएससी के माध्यम से किया जाएगा। यह डेटाबेस योजनाओं, सब्सिडी और सेवाओं को सीधे लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाने में सक्षम बनाएगा।

### महिला सुरक्षा पर सरकार गंभीर

**चंडीगढ़।** सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों के लिए महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का पालन अनिवार्य किया है। इसके लिए समितियों का गठन किया गया है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूनी, पुत्र महेश निवासी मकान नंबर 16/216,7, इसवा जटवारा मोहल्ला, जिला झज्जर, बहादुरगढ़, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1109/2021, दिनांक 20.12.2021 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना मुंडका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सूनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सूनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1109/2021, दिनांक 20.12.2021 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना मुंडका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सूनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
श्री गौरव सिघंल
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06
(पश्चिम), कमरा नं. 355
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6330/OD/2026

### कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री बलवान सिंह<br>श्रीमती पूनम बलवान सिंह<br>बलवान ड्राईवर<br>(प्रोस्पैक्ट नं. IL10422835) | 1234, वार्ड नं. 13, सिवानी, भिवानी, हरियाणा-127046 के सभी भाग व हिस्से, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1899.00, 1640.00 | रु. 396071/- रुपये तीन लाख छियानवे हजार इकहत्तर केवल) | 09-01-2026 | 13-05-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा
दिनांक : 16.05.2026

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में टावर ऑफ जस्टिस के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास + 2 अन्य कार्य। | 14.05.2026<br>25.05.2026 | 117 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202<br>zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव नीलोखेड़ी, जिला करनाल में बस स्टैंड का निर्माण (सीसीटीवी का प्रावधान केवल) + 9 कार्य। | 15.05.2026<br>21.05.2026 | 472.0 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696<br>pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-1, चण्डीगढ़ में हरियाणा सिविल सचिवालय में सब्सिडियरी ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी), सीआईएसएफ का निर्माण। | 14.05.2026<br>28.05.2026 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654<br>pwd-eeod-chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | कैथल जिले में कैथल में कैथल ड्रेन से प्रस्तावित बाईपास तक अम्बाला रोड के प्लांटेशन पर प्लांटेशन के एल/एस कार्य का ए/एम + 3 अन्य कार्य। | 18.05.2026<br>25.05.2026 | 27.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170<br>eehortpwd@gmail.com |
| 5 | सिविल सर्जन फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले के ई-निविदा औषधि 2026-27 हेतु विज्ञापन के सम्बन्ध में। | 19.05.2026<br>03.06.2026 | ईएमडी 100000 | https://etenders.hry.nic.in | 9996913229<br>dhs.csftb@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आईपीपीआई कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों हेतु मुद्रण सामग्री। | 15.05.2026<br>29.05.2026 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268<br>damfaridabad@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 0 से 130750-टेल तक रोड़ी घग्गर ड्रेन और इसकी सहायक ड्रेन्स की आंतरिक, बाह्य सफाई हेतु आकलन (खरीफ सीजन 2026 हेतु) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि<br>18.05.2026 | 23.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721<br>xenghaggar@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल सं. 3, चरखी दादरी में गांव अचीना में आरडी-53700-एल लोहारू फीडर पर 3 सीएस. क्षमता के 02 अदद 30 एचपी इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि<br>22.05.2026 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058<br>xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | आरडी 10500 बाजिदा ड्रेन पर कल्वर्ट का निर्माण (जनसंवाद पंजी. सं. सीएमओएफएफ/जे/2023/014821)। | 12.05.2026<br>19.05.2026 | 12.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008<br>xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं (एम) मण्डल, नारनौल से सम्बन्धित हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 1 अन्य कार्य। | 15.05.2026<br>29.05.2026 | 19.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542<br>xenproc@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कैंथाला खुर्द - गांव कैंथाला खुर्द ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में कैंथला खुर्द से समसीपुर तक ब्रिक रास्ता + 1 कार्य। | 13.05.2026<br>19.05.2026 | 42.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357<br>prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | जलघर गांव शाह सतनामपुरा में अनुमोदित एनआईटी के अनुरूप सभी प्रकार से पूर्ण 12 माह के दौरान त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और 3 माह के ट्रायल रन अवधि के पश्चात 5 वर्ष की अवधि के लिए (इसका खर्च वार्षिक रखरखाव आकलन में शामिल किया जाएगा) अनुसूची-IV के अनुरूप पीएचईडी द्वारा आपूर्ति की गई डिसइन्फेक्शन मैटीरियल, गांव में पूर्ण मौजूदा जलापूर्ति प्रणाली का और डीएनआईटी में वर्णित कार्य के लिए पूर्ण क्षेत्र हेतु जलघरों के प्रचालन और रखरखाव के लिए वितरण पाइप लाइन समेत जलघर, बी/एस-3 अदद का ओ एवं एम और रखरखाव, वितरण पाइप लाइंस, उपकार कॉलोनी, निकट कन्या महाविद्यालय और सुख सागर कॉलोनी में 3 अदद नये बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण, जलघरों पर मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत, पम्पिंग मशीनरी, पम्प चेम्बर-1 अदद, आकार 12.80X8.55X2.44एम के आरसीसी स्वच्छ जल टैंक-2 अदद, डब्ल्यूटीपी 1.50 एमएलडी, आरडब्ल्यू और सीडब्ल्यू सक्शन वैल 2 अदद, औसत आकार 74.68X88.57X3.66 - 2 अदद के दो अदद एस/एस टैंक का निर्माण + 3 कार्य। | 13.05.2026<br>03.06.2026 | 1805.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925<br>ee2sirsa@gmail.com |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | नागोकी :- गांव नागोकी जिला सिरसा में ढाणी दिवान सिंह में जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाना, स्लुइस वॉल्व हौदियां, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन का प्रावधान और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 13.05.2026<br>21.05.2026 | 13.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925<br>ee2sirsa@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | खरीफ सीजन 2026 से पूर्व आरडी 0 से 16600 तक लाइनिंग, डोवेल, किनारा और डाइवर्जन चैनल के बाहरी स्लोप की सफाई + 20 कार्य। | 12.05.2026<br>20.05.2026 | 150.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291<br>knldivn335@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण जीन्द | गांव गढवाली, ब्लॉक जुलाना में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन और वाटरलॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 13.05.2026<br>23.05.2026 | 132.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813066477<br>ascojind@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण जीन्द | गांव शामलो कलां ब्लॉक जुलाना में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन सॉइल और वाटरलॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 13.05.2026<br>23.05.2026 | 500.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813066477<br>ascojind@gmail.com |
| 17 | रोजगार निदेशालय हरियाणा, पंचकूला | हरियाणा राज्य के बेरोजगार युवाओं को केन्द्रीयकृत सेवाओं के प्रावधान हेतु एक कॉल सेंटर एजेंसी का चयन। | 16.05.2026<br>29.05.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2922653<br>employment@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/340/45245/I/88/6 दि. 15.05.26

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026

*जो इंसान बुरे वक्त में सबकी मदद करते है, अक्सर उसके बुरे वक्त में उसकी ही मदद के लिए कोई नहीं होता। बात कड़वी है पर यही सच है।* - अज्ञात

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 एलिना की फाइनल में एंट्री, इगा को हराया

## 33,759 बोरी धान गायब करने के मामले में कार्रवाई

# करनाल के 3.54 करोड़ के धान घोटाले में 4 फूड एंड सप्लाई इंस्पेक्टर व एसआई बर्खास्त

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** धान खरीद और भंडारण में हुए 3.54 करोड़ रुपये के घोटाले में लिप्त चार फूड एंड सप्लाई इंस्पेक्टर समीर वशिष्ठ, संदीप शर्मा, यशवीर सिंह, लोकेश और सब इंस्पेक्टर रामफल को सरकार ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इस संबंध में मंत्री राजेश नागर ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं। घोटाले की जांच में सामने आया था कि अलग-अलग मंडियों और राइस मिलों में धान के स्टॉक में भारी कमी और फर्जी परिवहन दिखाकर सरकार को नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में सभी के खिलाफ आरोप तय हैं और मुकदमे भी दर्ज हैं। गांव दादुपुर रोडान निवासी किसान देविंदर कुमार की शिकायत पर उपायुक्त करनाल ने एसडीएम के नेतृत्व में जांच टीम गठित की



थी। जांच में सामने आया कि मैसर्ज बटान फुड्स, गांव सलारु को 25 अक्तूबर 2025 तक 67013 बैग धान आवंटित किए गए थे। फिजिकल जांच में 33759 बैग यानी 12500.18 क्विंटल धान कम पाया गया। इस गड़बड़ी से सरकार को करीब 3,54,46,936 रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद मुकदमें दर्ज किए गए। अपने स्पष्टीकरण में पांचों ने कहा था कि उनका कार्य नियमानुसार है, इसमें कोई गलती नहीं।

### ऐसे हुआ गबन

- इस घोटाले की जांच में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। अधिकारियों ने मिल मालिकों के साथ मिलकर दो तरह से सरकार को चूना लगाया गया।
- फर्जी स्टॉक : कागजों पर धान की खरीद दिखाई गई, लेकिन असल में गोदाम खाली थे।
- फर्जी ट्रांसपोर्टेशन: ट्रकों की आवाजाही में 'जीरो किलोमीटर' की दूरी दिखाकर करोड़ों के बिल बनाए गए, जबकि धरातल पर कोई ढुलाई नहीं हुई।

### बर्खास्त अधिकारियों का कच्चा चिट्ठा

- **समीर वशिष्ठ (तत्कालीन इंस्पेक्टर)** : इन्होंने धान की निगरानी में गंभीर लापरवाही बरती। 12 में से 10 ट्रकों की दूरी शून्य' दिखाई और बिना अनुमति के धान को खुले में रखवाया।
- **संदीप शर्मा (इंस्पेक्टर)** : जुंडला मंडी से जारी 66 ट्रकों में से 24 ट्रकों की दूरी शून्य दर्ज की गई। इन पर विभागीय नियमों की अनदेखी का आरोप है।
- **यशवीर सिंह (तत्कालीन इंस्पेक्टर)** : घरोंडा मंडी से जुड़े 6 ट्रकों में से 3 की दूरी शून्य मिली और स्टॉक में भी कमी मिली।
- **लोकेश (इंस्पेक्टर)** : निसिंग मंडी से भेजे गए ट्रकों की दूरी कागजों में जीरो दिखाकर धांधली की और स्टॉक कम पाया गया।
- **रामफल (सब-इंस्पेक्टर)** : तरावड़ी में बी एस ओवरसीज में 855 मीट्रिक टन धान कम पाया गया। इन्होंने बिना अनुमति के ही धान को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया था।

### जांच के मुख्य बिंदु

- मैसर्ज बटान फूड्स (सुलारु) : इस फर्म को 67,013 बैग धान आवंटित किया गया था।
- बड़ा अंतर : फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान 33,759 बैग (करीब 12,500 क्विंटल धान) कम पाए गए।
- नुकसान: सरकारी खजाने को 3,54,46,936 का नुकसान हुआ।

# आईडीएफसी बैंक घोटाले में मांगी तीन और आईएएस के खिलाफ जांच की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के बहुचर्चित 590 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में जांच का दायरा अब वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों तक पहुंच गया है। प्रदेश सरकार ने 5 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच और पूछताछ को मंजूरी पहले ही दे चुकी है। अब एक बार फिर से सीबीआई ने अन्य तीन के विरुद्ध जांच की मंजूरी मांगी है। सूत्रों का कहना है कि इस घोटाले के सिलसिले मे 7 स्थानों पर छापे मारे गए हैं। सीबीआई की टीम ने छह सात स्थानों पर तलाशी भी ली है। आरोपियों के आवास, शोरूम

### अफसरशाही में हड़कंप



पांच अफसरों के खिलाफ पहले ही दी जा चुकी सहमति
**590 करोड़ के घोटाले मामले में जांच और तेज हुई**

सर्राफा कारोबारी, धन के कथित लाभार्थियों के परिसर और जांच से जुड़े अन्य निजी संस्थान शामिल हैं। सीबीआई ने कार्रवाई 14 मई 2026 की शाम को की, जिसकी जानकारी एजेंसी ने खुद आधिकारिक रूप से जारी की है। पहले उक्त मामला एसीबी के पास में था।

### इन विभागों से जुड़ा मामला

यह घोटाला हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़ा है, जिनमें पंचायत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिजली विभाग और पंचकूला नगर निगम शामिल हैं। इस मामले में अब तक 16 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में सीबीआई ने पांच आईएएस अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17-ए के तहत जांच की अनुमति मांगी थी। इस पर सरकार से मंजूरी मिल चुकी है और अब राज्य सरकार व केंद्र को लिखकर सीबीआई ने एक बार फिर से तीन आईएएस अफसरों के बारे में अनुमति प्रक्रिया अभी लंबित बताई जा रही है। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि 5 आईएएस अफसरों से भी पूछताछ की तैयारी भी कर ली गई है।

## खबर संक्षेप

### सेंगर को झटका, हाई कोर्ट का आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें पूर्व विधायक



कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित की गई थी। यह मामला 2017 के उन्नाव दुष्कर्म से जुड़ा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को अंतरिम जमानत देते हुए सजा निलंबित कर दी थी। *एजेंसी*

### दिल्ली में हाइड्रोजन बसों का संचालन शुरू

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ परिवहन की दिशा में अहम कदम उठाया है। पहली बार हाइड्रोजन गैस से चलने वाली बसों का



संचालन शुरू हो गया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने दिल्ली मेट्रो को 2 ऐसी अत्याधुनिक बसें सौंपी हैं। 15 मई से सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में एक एकीकृत हाइड्रोजन चालित शटल बस सेवा शुरू की।

### यस बैंक के पूर्व सीईओ पर मुकदमा दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने यस बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर और अन्य के खिलाफ 1,000 करोड़ रुपए की गिरवी रखी संपत्ति के कथित अवैध हस्तांतरण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बैंक ने 150 करोड़ के ऋण को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किए बिना एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी को हस्तांतरित कर दिया। एचडीआईएल की अनुषंगी कंपनी सफायर लैंड डेवलपमेंट से जुड़े लखमिंदर दयाल की शिकायत पर कपूर पर केस दर्ज हुआ है।

### रुपया सबसे निचले स्तर 95.81 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 17 पैसे की गिरावट के साथ 95.81 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा है। कारोबार के दौरान एक समय यह 96 प्रति डॉलर के से नीचे चला गया था। रुपया इस वर्ष अब तक छह प्रतिशत से अधिक टूट चुका है । अमेरिका की मजबूत खुदरा बिक्री और स्थिर श्रम बाजार के आंकड़ों के बाद डॉलर सूचकांक मजबूत हुआ।

## एएसआई की रिपोर्ट और अयोध्या केस को हाईकोर्ट ने बनाया आधार

# भोजशाला सरस्वती मंदिर घोषित नमाज अदा करने का आदेश रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने धार की भोजशाला को वाग्देवी यानी सरस्वती मंदिर माना है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार मानते हुए कोर्ट ने भोजशाला को मंदिर करार दिया है। बता दें कि फैसले में अहम कड़ी बनकर सामने आई रिपोर्ट में भोजशाला परिसर के वो 188 मूल आधार स्तंभ जिनमें 106 मुख्य स्तंभ और 82 अर्धस्तंभों फैसले का मुख्य आधार बने, जिन पर हिंदू धर्म से जुड़े प्रतीक, देवी-देवताओं की आकृतियां और मंदिर शैली की नक्काशी मिलने का दावा किया गया। इन्हीं तथ्यों को आधार मानते हुए हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है।

*हाईकोर्ट ने अयोध्या केस को बनाया फैसले का आधार*

*188 आधार स्तंभों की 'मौन गवाही' बनी बड़ा सबूत*

*हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर लगाई मोहर*



### 2003 का आदेश भी रद्द किया

अदालत ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था। भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताते रहे मुस्लिम पक्ष को कोर्ट ने सरकार से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा है।

**फैसले के मुख्य बिंदु**

- हाईकोर्ट ने कहा कि भोजशाला में सरस्वती मंदिर और संस्कृत शिक्षा केंद्र के साक्ष्य पाए गए हैं।
- पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई सर्वे के साथ अयोध्या केस को भी आधार माना।
- हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन स्मारकों और मंदिरों की सुरक्षा निश्चित करे। साथ ही गर्भगृह और धार्मिक आस्था से जुड़ी देव प्रतिमाओं का भी संरक्षण करे।

### मुस्लिम और जैन पक्ष जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि उन्हें हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। अब फैसले की समीक्षा की जाएगी, इसके बाद मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाएगा। वहीं जैन समाज की ओर से पैरवी कर रहीं एडवोकेट प्रीति जैन ने कहा कि सुनवाई के दौरान यह दावा किया गया था कि तीर्थंकरों की मूर्तियों के अवशेष आज भी ब्रिटिश म्यूजियम में मौजूद हैं और उन्हें उचित स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जैन समाज भी सुप्रीम कोर्ट जाएगा।

### हिंदू पक्ष ने कैविएट दायर की

भोजशाला विवाद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की है। याचिकाकर्ता जितेंद्र सिंह विशेन की ओर से अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा ने कैविएट दाखिल की। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर किसी भी अपील पर हिंदू पक्ष को सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए।

# कुछ बेरोजगार युवा 'कॉकरोच' की तरह हैं, व्यवस्था पर हमला कर रहे

**सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी :** आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को कुछ बेरोजगार युवकों की तुलना कॉकरोच से करते हुए कहा कि उनमें से कुछ मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई एक्टिविस्ट बन जाते हैं। इसके बाद ये व्यवस्था और हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की टिप्पणी तब सामने आई जब सीजेआई सूर्यकांत व जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने की मांग करने वाले एक वकील की याचिका को सुन रहे थे। बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा, 'पूरी दुनिया सीनियर (एडवोकेट) बनने की हकदार हो सकती है, लेकिन कम से कम आप इसके अधिकारी नहीं हैं।' रिपोर्ट के अनुसार इस मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई स्पष्ट तौर पर नाराज नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ 'परजीवी' हैं, जो सिस्टम पर हमला कर रहे हैं।



सीनियर एडवोकेट का दर्जा मांगने वाले वकील को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

### तल्ख टिप्पणी

कुछ कॉकरोच जैसे भी युवा हैं, जिन्हें कोई रोजगार नहीं मिलता और जिनकी प्रोफेशन में कोई जगह नहीं है। उनमें से कुछ मीडिया बन जाते हैं, उनमें से कुछ सोशल मीडिया बन जाते हैं, कुछ आरटीआई एक्टिविस्ट बन जाते हैं, उनमें से कुछ अन्य एक्टिविस्ट बन जाते हैं और वे हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं। - सीजेआई सूर्यकांत

### पहले ही समाज में ऐसे परजीवी

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अगर दिल्ली हाई कोर्ट भी उस वकील को सीनियर एडवोकेट का दर्जा देता है, सुप्रीम कोर्ट उसे रद्द कर देगा। भारत के चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता के वकील के द्वारा फेसबुक पर इस्तेमाल (इसके बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिली) की गई भाषा का भी हवाला दिया। सीजेआई ने समाज की स्थिति का हवाला देते हुए कहा, 'पहले ही समाज के ऐसे परजीवी हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं और आप उनमें शामिल होना चाहते हैं।'

### वकीलों की फर्जी डिग्रियों पर टिप्पणी

दरअसल, यह मामला दिल्ली के वकीलों की कथित फर्जी डिग्रियों से जुड़ा हुआ है। बाद में याचिकाकर्ता ने बेंच से माफी मांगी और याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जो दे दी गई। इस दौरान अदालत ने कथित रूप से फर्जी लॉ डिग्री की बढ़ती संख्या पर भी चिंता जताई। सीजेआई ने यह भी टिप्पणी की कि वह दिल्ली के कई वकीलों की लॉ डिग्री की सीबीआई जांच के लिए एक उचित केस का इंतजार कर रहे थे, जिनके सोशल मीडिया पोस्ट उन्हें समस्या वाले लगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'मुझे उनकी लॉ डिग्री की असलियत को लेकर गंभीर संदेह है...फेसबुक, यूट्यूब आदि पर वह जो चीजें पोस्ट कर रहे हैं, क्या वे सोचते हैं कि हम नहीं देख रहे?'

## लोक कलाकार गोपाल पर नोटों की बारिश




*जूनागढ़।* गुजरात के जूनागढ़ जिले में लोक कलाकार गोपाल साधु पर नोटों की बारिश हुई। प्रसिद्ध लोक कलाकार गोपाल साधु श्रीमद् भागवत के कार्यक्रम में भजन गा रहे थे तो माहौल पूरी तरह उत्साह और जोश से भर गया। भजन सुनने वाले लोगों ने जमकर पैसे लुटाए। हालत ऐसी थी कि गोपाल साधु नोटों की ढेर में दबे नजर आए। वीडियो भी वायरल हो रहा है।

## आरजी कर मामले की जांच में लापरवाही का आरोप

# बंगाल सरकार ने 3 आईपीएस अधिकारियों को किया निलंबित, 2 की विभागीय जांच होगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले की जांच में लापरवाही के आरोप में बंगाल सरकार ने तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार इस मामले में कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और 2अन्य अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करेगी।इस मामले में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अभिषेक गुप्ता और पुलिस उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी को निलंबित किया है।



### ममता की भूमिका की भी होगी जांच

सुवेंदु ने नवान्न में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मामले की फाइल दोबारा खोली जाएगी और तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उस समय की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की भूमिका की भी जांच के दायरे में समीक्षा की जाएगी।



### रचा इतिहास, बोस बने स्पीकर

बंगाल की राजनीति में शुक्रवार को एक नया इतिहास लिखा गया, जब रथिंद्र बोस को विस का नया स्पीकर चुना गया। बोस पहली बार विधायक बने हैं और पहली बार ही विधानसभा पहुंचते ही उन्हें सदन की सबसे बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी सौंप दी गई।



### पीएम मोदी के सलाहकार सान्याल होंगे वित्त मंत्री!

चर्चा है कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल को बंगाल का नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है। भाजपा उन्हें नंदीग्राम से चुनावी मैदान में भी उतार सकती है। वर्तमान में संजीव प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अहम सदस्य हैं। यह परिषद पीएम को आर्थिक और उससे जुड़े दूसरे मामलों पर सलाह देने वाली एक स्वतंत्र, गैर-संवैधानिक और स्थायी निकाय है।



## मौसम विभाग ने दी राहतभरी खबर, पूर्वानुमान जारी किया

### आईएमडी ने 4 दिन आगे-पीछे आने की संभावना भी जताई

# 26 मई को दस्तक देगा दक्षिण पश्चिम मानसून

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत समेत देश के विभिन्न हिस्सों में कई दिनों तक बारिश होने के बाद एक बार फिर से भीषण गर्मी का दौर वापस लौट आया है। इससे लोग मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब यह इंतजार खत्म होने वाला है। मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण पश्चिम मानसून 26 मई को दस्तक दे सकता है। भारत में यह सबसे पहले केरल में आता है और इस बार 26 मई को यानी कि तय समय से पहले ही आने की संभावना है।



**24 घंटे में पहुंचेगा बंगाल की खाड़ी**



**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क से एक रिक्शा चालक और एक साइकिल सवार गुजर रहे हैं।

### अन्य राज्यों में आंधी- बारिश संभावित

जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में छिटपुट से हल्की से मध्यम बारिश, गरज, बिजली और तेज हवाओं के चलने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में छिटपुट हल्की से मध्यम बारिश, गरज, बिजली और तेज हवाएं चलने वाली हैं। आंधी की स्पीड 50 किमी प्रति घंटे रह सकती है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान में गरज के साथ आंधी आ सकती है।

### दक्षिण भारत में झमाझम बारिश शुरू

मानसून से पहले दक्षिण भारत में झमाझम बारिश शुरू हो गई है। पूरे हफ्ते के दौरान उत्तर पूर्वी भारत,3-4 दिनों के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। केरल के जरिए मानसून के एंट्री लेने के बाद अगले एक महीने के भीतर यह अन्य राज्यों की ओर बढ़ेगा।

### कुछ स्थानों पर बारिश और तेज हवाएं चलेंगी

15-19 मई के दौरान केरल, माहे, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, आंतिरक कर्नाटक, लक्षद्वीप में छिअपुट से लेकर व्यापक स्तर पर गरज, बिजली और तेज हवाएं चलेंगी। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप में और 15-18 मई के दौरान दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग जगहों पर भारी बरसात की संभावना है। आंतरिक कर्नाटक में कुछ जगह पर ओले गिरेंगे।

## हाईकोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा

# अग्निवीरों को सामान्य सैनिकों की तरह नहीं मिल सकती पेंशन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्र की मोदी सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर हलफनामे में स्पष्ट किया है कि अग्निवीर नियमित सैनिकों की श्रेणी में नहीं आते हैं। ऐसे में युद्ध या किसी सैन्य कार्रवाई के दौरान उनकी मृत्यु होने पर उनके परिवार को सामान्य सैनिकों की तरह पेंशन का लाभ नहीं दिया जा सकता। सरकार ने यह हलफनामा तब दायर किया जब 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारे गए अग्निवीर मुरली नाइक की मां ने एक याचिका दायर की थी।



### एक अल्पकालिक भर्ती योजना है अग्निवीर

याचिका के जवाब में केंद्र सरकार ने हलफनामा दाखिल किया। हलफनामे में सरकार ने कहा कि नियमित सैनिकों और अग्निवीरों का वर्गीकरण संवैधानिक रूप से वैध है। सरकार ने अग्निवीर योजना को एक अल्पकालिक भर्ती योजना बताया। उनके मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस योजना को तैयार किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में पूर्व आईएएस अधिकारी आप में शामिल

**चंडीगढ़ (भाषा)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी डॉ. स्वर्ण सिंह शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। सिंह ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की नीतियों और पंजाब सरकार के जनहितैषी कार्यों से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। पंजाब के मंत्री और आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उन्हें पार्टी में शामिल किया और उन्हें 'सरोपा' पहनाकर उनका स्वागत किया। पार्टी के एक बयान के अनुसार, सिंह ने पंजाब सरकार में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे और मूल्यवान अनुभव के साथ-साथ उनका सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी काफी प्रभाव है।

### केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक 21 को संभव

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को होने की संभावना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सभी केंद्रीय मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्रियों और अन्य केंद्रीय राज्य मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के अलग-अलग पहलुओं के अलावा, मंत्रालयों और विभागों के कामकाज की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। मोदी 3.0 सरकार के दो साल पूरे होने से पहले कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस सरकार ने 10 जून, 2024 को शपथ ली थी।

## फ्यूल और गैस पर उपजे संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# 'चुनौतियों' से उबरने अब सोमवार और शुक्रवार को होगी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई

कठिन समय में जिम्मेदारी से जीना और कर्तव्यों का पालन करना चाहिए



**भाषा/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से पेट्रोल-डीजल और गैस को लेकर उपजे संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री सूत्रों के अनुसार अदालत ने अब सोमवार और शुक्रवार को सिर्फ वर्चुअल सुनवाई का आदेश जारी किया है। हालातों को देखते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने ये फैसला लिया है।

सुप्रीम कोर्ट में अभी तक हाइब्रिड सुनवाई की व्यवस्था थी। यानी व्यक्तिगत तौर पर पेशी और वर्चुअल दोनों तरीके से कोर्ट कार्यवाही हो रही थी।उन्होंने देश को इन चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए नागरिकों को कई उपाय सुझाते हुए इस बात पर जोर दिया कि देशभक्ति केवल देश के लिए प्राणों का बलिदान देना ही नहीं है, बल्कि कठिन समय में जिम्मेदारी से जीना और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना भी है।

### अब जज कार पूलिंग करके जाएंगे कोर्ट



रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया है कि वीडियो लिंक समय पर भेजे जाएं और तकनीकी व्यवस्था सुचारू रखी जाए ताकि न्यायालय के कामकाज में कोई बाधा न आए। ईंधन के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों ने आपसी सहमति से कार-पूलिंग को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया हैं। रजिस्ट्री के प्रत्येक शाखा/सेक्शन में अधिकतम 50 फीसदी कर्मचारी सप्ताह में दो दिन तक घर से काम कर सकते हैं। हालांकि बाकी स्टाफ की कार्यालय में उपस्थिति आवश्यक होगी, ताकि कामकाज निर्बाध रूप से चलता रहे। संबंधित रजिस्ट्रार को साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने, कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को तुरंत कार्यालय बुलाया भी जा सकता है। यदि किसी शाखा में वर्क फ्रॉम होम प्रभावी नहीं पाया जाता है, तो रजिस्ट्रार इसे सीमित या संशोधित कर सकते हैं. यह व्यवस्था प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से लागू की गई है।

### पेट्रोलियम संकट पर बड़ा कदम

- 'मिसलेनियस डेज' यानी सोमवार, शुक्रवार या अन्य निर्धारित दिन में केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी सुनवाई
- आंशिक कार्य दिवसों में भी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई

### पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें

नागरिकों से आग्रह किया कि वे जहां भी उपलब्ध हो, मेट्रो रेल और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करके पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें, निजी वाहनों की आवश्यकता होने पर कार-पूलिंग का विकल्प चुनें, माल ढुलाई के लिए रेल परिवहन को प्राथमिकता दें जहां भी संभव हो, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं।

### विदेशी मुद्रा को बचाना चाहिए

पीएम ने कहा कि वर्तमान स्थिति में, देश को विदेशी मुद्रा की बचत पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। पेट्रोल-डीजल पूरी दुनिया में बेहद महंगे हो गए हैं, इसलिए ईंधन बचाना और इस तरह पेट्रोल और डीजल खरीदने पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

### जबरन अवमानना अर्जी दायर कर रहे लोग

सीजेआई ने कहा कि समाज में पहले से ही ऐसे लोग मौजूद हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं? कुछ मीडिया में जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया में, कुछ अन्य कार्यकर्ता बन जाते हैं। वे हर किसी पर हमला करते हैं और आप लोग अवमानना याचिकाएं दायर करते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती**

### दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों, एक एयरलाइन 8000 दूसरी 18000 क्यों वसूलती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से हवाई किराए को तर्कसंगत बनाने पर विचार करने को कहा। कोर्ट ने पाया कि एक ही दिन एक ही क्षेत्र (सेक्टर) के लिए हवाई टिकट की कीमतों में बहुत ज्यादा अंतर था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि एक ही दिन, एक ही क्षेत्र में उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन एक खास हवाई किराया लेती है, जबकि दूसरी एयरलाइन अलग हवाई किराया वसूलती है। पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इस अंतर के कारण लोगों को कुछ राहत देने का प्रयास करें। एक ही दिन, एक ही सेक्टर की उड़ानों के लिए एक एयरलाइन 8000 रुपये लेती है, जबकि दूसरी एयरलाइन इकॉनमी क्लास के लिए 18000 रुपये लेती है।

**मधुमिता शुक्ला हत्याकांड**

### अपराध की प्रकृति एकमात्र आधार नहीं कोर्ट ने दोषी की सजा माफ की



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2003 के बहुचर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के एक दोषी की समय पूर्व रिहाई के अनुरोध वाली याचिका को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार करते हुए कहा कि किसी अपराध की प्रकृति ही माफी से इनकार करने का एकमात्र आधार नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गृह मंत्रालय के नौ जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें दोषी रोहित चतुर्वेदी की समय पूर्व रिहाई के लिए उत्तराखंड सरकार की सिफारिश को खारिज कर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने गौर किया कि चतुर्वेदी ने बिना किसी छूट के 22 साल जेल में बिताए हैं।



# पंजाब के किसानों का चंडीगढ़ कूच मोहाली बॉर्डर पर पुलिस से भिड़े

- *किसान विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल से मिलने जा रहे थे*
- *किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे*

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

पंजाब के किसानों का शुक्रवार को मोहाली बॉर्डर पर चंडीगढ़ पुलिस के साथ टकराव हुआ। राजभवन की ओर कूच किसानों को पुलिस ने रोकना चाहा तो उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दिए। पुलिस जवानों को भी पीछे धकेलने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर और वॉटर कैनन से पानी की बौछारें कर किसानों को खदेड़ा। चंडीगढ़ और मोहाली बॉर्डर पर माहौल तनावपूर्ण रहा।

चंडीगढ़ पुलिस का कहना है कि हालात को देखते हुए पूरी निगरानी रखी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें एसएसपी भी शामिल हैं, मौके पर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बॉर्डर पर नाकों का जायजा लेने पहुंची चंडीगढ़ की एसएपी कंवरदीप कौर ने बताया कि बैरिकेडिंग की गई है। किसानों ने आज मार्च का कार्यक्रम रखा हुआ है और उनसे बातचीत जारी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

### ये रखीं मांगें

- नदी के पानी का बंटवारा रिपेरियन सिद्धांत के अनुसार हो
- पंजाब पुनर्गठन एक्ट की कुछ धाराओं को रद किया जाए
- केंद्र के प्रस्तावित बिजली संशोधन बिल 2025 और 'बीज कानून 2025' मंजूर नहीं
- सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी मिले
- सहकारी समितियों द्वारा रद की गई ऋण सीमाओं को बहाल हों
- धान के सीजन के दौरान फुल क्षमता में बिजली और नहर का पानी मिले

### चंडीगढ़ जाने वाली सड़क पर डायवर्जन

पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड के पीछे वाली चंडीगढ़ जाने वाली सड़क पर डायवर्जन किया गया। मटौर बैरियर पर भी ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। बाकी सभी जगह ट्रैफिक सामान्य रूप से चलता रहा। और लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

## वैश्विक बिकवाली से चांदी 21,600 टूटी, सोना 3,200 रुपये लुढ़का

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



- डॉलर मजबूत होने से निवेशकों ने की भारी मुनाफावसूली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी का भाव 21,600 रुपये टूटकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया जबकि सोने की कीमत 3,200 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। मजबूत डॉलर और निवेशकों की भारी मुनाफावसूली से यह गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,200 रुपये यानी 1.93 प्रतिशत टूटकर 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमतें भी 21,600 रुपये यानी 7.3 प्रतिशत टूटकर 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

## नीट परीक्षा में बदलाव की घोषणा का स्वागतः नितिन कुकरेजा

**एजेंसी ▶▶ कोटा**

- ये विद्यार्थियों के लिए सहायक साबित होंगे



शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा नीट परीक्षा के आयोजन में बदलाव को लेकर की गई घोषणाओं का एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा स्वागत किया गया है। इस संबंध में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय स्वागत योग्य है। सबसे पहले तो समय रहते हुए परीक्षा को पुनः आयोजित करवाने का निर्णय उचित रहा। साथ ही पुनः परीक्षा की अगली तिथि की घोषणा भी कर दी गई। इसके बाद अब अगले वर्ष से कम्प्यूटर बेस्ड मोड पर परीक्षा करवाने स्वागत योग्य है। उम्मीद है कि परीक्षा ज्यादा बेहतर तरीके से आयोजित करवाई जा सकेगी। इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता आएगी। विद्यार्थियों और अभिभावकों में परीक्षा के प्रति विश्वास बढ़ेगा। कुकरेजा ने आगे कहा कि नीट बड़ी परीक्षा है और लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास इससे जुड़ा है।

## कमजोर रुपया और बढ़ती महंगाई से बाजार में चिंता सेंसेक्स 161 अंक फिसला

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

- धातु, तेल एवं गैस तथा पीएसयू बैंक शेयरों में रही बिकवाली



घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों में सतर्कता देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार- चढ़ाव के बीच 160.73 अंक गिरकर 75,237.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक समय करीब 470 अंक तक की बढ़त ले ली थी। वहीं निफ्टी 46.10 अंक गिरकर 23,643.50 पर बंद हुआ।

इसके साथ ही दो दिनों से जारी तेजी पर लगाम लग गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 2,090.2 अंक गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 532.65 अंक के नुकसान में रहा।

## छत्तीसगढ़ में माओवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़, 50 हथियार और विस्फोटक जब्त

**हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶ कांकेर**

- संवेदनशील इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया



छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के ठिकानों से 50 हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद एवं विस्फोटक सामान बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च को छत्तीसगढ़ को सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी से मुक्त घोषित किए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने बस्तर क्षेत्र (जिसमें कांकेर सहित सात जिले शामिल हैं) में तलाशी अभियान तेज कर दिया ताकि माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाई गयी नकदी, हथियारों और विस्फोटकों का पता लगाया जा सके। एक अप्रैल से 14 मई तक पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने कांकेर के संवेदनशील इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया। राखेचा ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जंगलों में माओवादियों द्वारा छिपाए गए अलग-अलग ठिकानों से 50 हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री बरामद कीं। जब्त किए गए हथियारों में एक 7.62 एमएम एसएलआर एलएमजी, एक 5.56 एमएम एलएमजी, पांच .303 राइफलें, 11 देसी 'सिंगल-शॉट' बंदूकें, एक .315 बोर की बंदूक और एक 7.65 एमएम की पिस्तौल सहित अन्य हथियार शामिल हैं।

## सीएम की कार के साथ केवल एस्कॉर्ट व पायलट वाहन चलेंगे : सतीशन



**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित वी डी सतीशन द्वारा लिए गए पहले निर्णयों में से एक यह था कि वह पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री विजयन के विशाल काफिले के विपरीत अपने काफिले को कम वाहनों तक सीमित रखेंगे। वाहनों के बड़े काफिले के लिए विजयन की कई हलकों में आलोचना होती थी। विभिन्न धार्मिक नेताओं के साथ संयुक्त बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सतीशन ने कहा कि उनका इरादा अपने पूर्ववर्तियों का मजाक उड़ाना नहीं था, बल्कि यह कहना था कि 'राजकोष इस तरह के फिजूलखर्ची का बोझ नहीं उठा पाएगा'। उन्होंने कहा, "मुझसे पहले के मुख्यमंत्रीओं को शायद इसकी जरूरत रही होगी, लेकिन मुझे नहीं है।" उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी, इसलिए उन्होंने पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, "इसलिए मैंने पुलिस को न्यूनतम सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराने के लिए कहा है। काफिले में यथासंभव कम से कम वाहन रखें। बहुत कम। मैंने उनसे यह भी कहा है कि मेरी यात्रा के दौरान सड़क पर लोगों को परेशान ना किया जाए।" उन्होंने कहा कि अगर वे शान-शौकत से यात्रा करेंगे, तो सड़क पर चलने वाले लोग सार्वजनिक रूप से भले ही कुछ नहीं कहें, लेकिन निजी तौर पर उनका मजाक उड़ाएंगे।

# आईआईटी कानपुर में 32 साल पुरानी अनोखी शादी की परंपरा

यह साधारण विवाह नहीं, बल्कि जीवंत परंपरा है

*दूल्हे-दुल्हन बने छात्रों के बीच पूर्व प्रेमी पिस्तौल लेकर पहुंचा, मचाया हंगामा*

इंजीनियरिंग के फार्मूले मंत्र और नोट्स आहुतियां बने



**एजेंसी ▶▶ कानपुर**

कानपुर आईआईटी में 32 सालों से छात्रों की 'इंजीनियरिंग वाली शादी' की एक परंपरा चली आ रही है। इस अनोखी शादी में आईआईटी के अंतिम वर्ष के छात्रों का इस बार भी पूरा ड्रामा हुआ। हर साल की तरह शादी के कार्ड छपे, दोस्तों को बुलाया गया और बारात लेकर पहुंचे दूल्हे को वरमाला भी पहनाई गई। ऐन मौके पर पिस्टल लेकर पहुंचे एक्स बायफ्रेंड ने जमकर हंगामा किया लेकिन दुल्हनिया आखिरकार दूल्हे के साथ ही गई। फेरों की रस्म में अग्निकुंड जला तो आहुतियों में बीटेक पढ़ाई के नोटस डाले गए और मंत्रों के तौर पर इंजीनियरिंग के फार्मूले पढ़े गए। यह कोई साधारण विवाह नहीं, बल्कि आईआईटी की 32 साल पुरानी एक जीवंत परंपरा है। साल 1994 में शुरू हुआ यह सिलसिला आज भी बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई का सबसे यादगार पल बना हुआ है। 'हाल-1' की इस मशहूर बारात ने एक बार फिर कैंपस के माहौल को जश्न में सराबोर कर दिया।

### इस कारण करते आयोजन

*आईआईटी के शिक्षकों का मानना है कि पढ़ाई के बोझ और प्लेसमेंट के तनाव के बीच, आईआईटी की यह 'अनोखी शादी' दिखाती है कि देश के सबसे तेज दिमाग वाले युवा अपनी जड़ों और मनोरंजन के बीच तालमेल बिठाना बखूबी जानते हैं। संस्थान के 1994 बैच ने इसकी शुरुआत की थी।*

### सोशल मीडिया पर छाई बारात

*'हाल-1' से निकली इस बारात में छात्र-छात्राएं बालीवुड के गानों और ढोल की थाप पर झूमते हुए 'हाल-6' पहुंचे। द्वारचार से लेकर जयमाल तक की रस्में पूरी गरिमा (और ढेर सारी मस्ती) के साथ पूरी की गईं। कैंपस में मस्ती के इन पलों का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लोग आइआइटियंस के रचनात्मक और मजाकिया अंदाज के रूप में देख रहे हैं।*

### बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र होते दूल्हा-दुल्हन

*पूरे साल कठिन पढ़ाई का माहौल, लेक्चर हाल से लैब तक की भाग-दौड़ वाले आईआईटी परिसर में ढोल-नगाड़ों की थाप और 'इंजीनियरिंग वाले मंत्रों' की गूंज सुनाई दी। यह मौका आईआईटी में हर साल होने वाली अनोखी शादी का था जिसमें बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र दूल्हा- दुल्हन और संस्थान के छात्र बाराती बनते हैं।*

### विशाल के सिर सजा सेहरा, घोड़े पर सवार होकर आया

*इस अनोखी शादी में में दूल्हा और दुल्हन दोनों ही छात्र थे। विदित परमार जहां दुल्हन बने वहीं कुमार विशाल सेहरा सजाकर घोड़े पर सवार हुए। शादी में कुछ भी आधा-अधूरा नहीं था। बाकायदा हल्दी और मेहंदी की रस्में निभाई गईं। छात्राओं के हास्टल 'हाल-6' में संगीत का कार्यक्रम हुआ, जहां "दुल्हन" की सहेलियों (छात्राओं) ने जमकर ठुमके लगाए। बारात भी यहीं पहुंची और दुल्हन की सहेलियों ने बारात प्रवेश से पहले दूल्हे से अपना उपहार भी लिया। सहेलियों के साथ दुल्हन बने विदित ने स्टेज पर प्रवेश लिया और दूल्हे को वरमाला पहनाई।*


**UNIPRODUCTS (INDIA) LTD.**

पंजीकृत कार्यालयः जरथल गांव रोड, 84 कि.मी. स्टोन, दिल्ली–जयपुर रोड, डाकघर–संगवाड़ी, जिला–रेवाड़ी, हरियाणा–123401
वेबसाइटः www.unitexindia.com; | ईमेलः compliance@unitexindia.com;
फोनः 0120-2585590/91 | CIN: U45201HR1982PLC014785

**डाक मतपत्र सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2013 ("नियम") के नियम 20 एवं 22 तथा अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के साथ पठित अन्य संगत परिपत्रों सहित नवीनतम सामान्य परिपत्र सं. 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर, 2025 एवं 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर, 2024, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानक ("एसएस–2") एवं अन्य लागू कानूनों, नियमों तथा विनियमों (वर्तमान में उस पर लागू कोई भी सांविधिक संशोधनों या पुनः अधिनियम सहित) के अनुपालन में यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की स्वीकृति निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव के लिए मांगी जा रही है, जिन्हे केवल रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से पारित किया जाना है।

| क्र. सं. | प्रस्तावों का विवरण |
|---|---|
| 1. | कंपनी के प्रबंध निदेशक, डॉ. अश्वन कपूर को देय पारिश्रमिक में संशोधन को मंजूरी देना |
| 2. | श्री रविंदर मेहरा को कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक (जिन्हें कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है) के रूप में नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक के निर्धारण को मंजूरी देना |
| 3. | बकाया असुरक्षित ऋण के एक हिस्से का निपटारा, नकद के अलावा किसी अन्य प्रतिफल के बदले, तरजीही आबंटन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करके करने को मंजूरी देना |

लागू कानूनों के अनुसार, कंपनी ने 15 मई 2026 को डाक मतपत्र सूचना भेजने का काम पूरा कर लिया है। यह सूचना केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजा गया है, जिनके ई–मेल पते एम ए एस सर्विसेज लिमिटेड, रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') के पास रजिस्टर्ड हैं, और जिनके नाम शुक्रवार, 8 मई 2026 ("कट–ऑफ तिथि") को डिपॉजिटरी से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी मालिकों की सूची में शामिल हैं। यदि आपका ई–मेल पता कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी के पास रजिस्टर्ड नहीं है, तो कृपया डाक मतपत्र सूचना के साथ दिए गए नोट्स में बताई गई प्रक्रिया का पालन करें।

डाक मतपत्र सूचना कंपनी की वेबसाइट www.unitexindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

एमसीए परिपत्रों के अनुसार सदस्यगण केवल रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से वोटिंग कर सकते हैं। ऐसा व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात् 8 मई 2026 को सदस्यों के रजिस्टर, लाभार्थी स्वामियों का रजिस्टर में दर्ज है, केवल वे ही डाक मतपत्र की उक्त सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से वोट करने का हकदार होगा। कोई भी व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है उसे इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से लेना चाहिए।

कंपनी ने रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए अधिकृत एजेंसी के रूप में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई–वोटिंग की प्रक्रिया डाक मतपत्र की उक्त सूचना में दी गई है।

रिमोट ई–वोटिंग शनिवार, 16 मई 2026 प्रातः 9:00 बजे (आईएसटी) प्रारंभ होगी और रविवार, 14 जून 2026 सायं 5:00 बजे (आईएसटी) तक खुली रहेगी। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा इसे तुरंत अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर वोट देने के बाद सदस्यों को बाद में इसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कंपनी के जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई–मेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं किया है उनसे अनुरोध है कि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ इसे तुरंत पंजीकृत करें और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में एम ए एस सर्विसेज लिमिटेड को सूचित करें।

कंपनी के निदेशक मंडल ("बोर्ड") ने श्री अभिषेक ठाकुर (सदस्यता संख्या एफ10660), कंपनी सचिव, मालिक मैसर्स अभिषेक ठाकुर एंड एसोसिएट्स को डाक मतपत्र प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच के लिए जांचकर्ता नियुक्त किया है।

डाक मतपत्र का परिणाम रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के समापन के तीन दिनों के भीतर अर्थात् मंगलवार, 16 जून 2026 तक या उससे पहले घोषित किया जाएगा। ये परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.unitexindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर अपलोड किए जाएंगे। परिणाम, जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रदर्शित किए जाएँगे।

किसी भी पूछताछ के मामले में आप www.evoting.nsdl.com पर डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या फोन नं. 022 – 4886 7000 पर कॉल या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक को evoting@nsdl.com पर रिक्वेस्ट भेज सकते हैं।

बोर्ड के आदेश से
कृते यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./–
प्रीति सोंधी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. एफ8676

स्थानः नोएडा
तिथिः 15 मई, 2026



**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा (भारत) पिन-131305
(राज्य विधायिका अधिनियम 31 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित)
('बी++' ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित)

**प्रवेश सूचना (2026-2027)**

विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 के दौरान विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग (यूटीडीएस), बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (खरल (जीन्द) और कृष्ण नगर (रेवाड़ी) में बीपीएसआईएचएल क्षेत्रीय केन्द्रों) और सेंटर फॉर सोसाइटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च (सीएसयूआईआर) द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। प्रोग्राम्स मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्प, जहां लागू हो, सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रस्तुत किए गए हैं।

**पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
2. हिंदी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
3. संस्कृत में मास्टर ऑफ आर्ट्स
4. अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स
5. मास्टर ऑफ सोशल वर्क
6. इतिहास और पुरातत्व में मास्टर ऑफ आर्ट्स
7. राजनीति विज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स
8. भूगोल में मास्टर ऑफ साइंस
9. मनोविज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स
10. मास्टर ऑफ कॉमर्स
11. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
12. मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट
13. एलएल.एम.*
14. गणित में मास्टर ऑफ साइंस
15. भौतिकी में मास्टर ऑफ साइंस
16. रसायन विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस
17. खाद्य और पोषण में मास्टर ऑफ साइंस
18. पर्यावरणीय विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस
19. सीएसई (नेटवर्क सुरक्षा) में एम.टेक.
20. कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में एम.टेक.***
21. ईसीई में एम.टेक.***
22. आईसीटी में एम.टेक.***
23. फैशन टेक्नोलॉजी में एम.टेक.
24. एम.एड. (मास्टर ऑफ एजुकेशन)
25. मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स
26. एम.डी. आयुर्वेद (द्रव्यगुण)**
27. एम.डी. आयुर्वेद (कायाचिकित्सा)**

**अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
2. अर्थशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
4. बी.बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
5. बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
6. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
7. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
8. बैचलर ऑफ लाइफ साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
9. बैचलर ऑफ होम साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
10. बी.ए.-एलएल.बी
11. बी.बी.ए.-एलएल.बी
12. बी.फार्मेसी, बी.फार्मेसी (लेटरल एंट्री) (एचएसटीईएस द्वारा आयोजित ओसीईटी के माध्यम से)
13. बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.)
14. इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी)**
  • बी.एससी. बी.एड. (सैकेंडरी)
  • बी.ए. बी.एड. (सैकेंडरी)
15. बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन - (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
16. बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस)/ आयुर्वेदाचार्य-एनईईटी (यूजी) के आधार पर केंद्रीकृत काउंसलिंग के माध्यम से**
17. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
18. इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**
19. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक. सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग/इंटरनेट ऑफ थिंग्स में स्पेशलाइजेशंस**
20. फैशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**
21. फैशन टेक्नोलॉजी और अपैरल डिजाइनिंग में बी.वोक.

**पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम्स**
1. विदेशी भाषा अध्यापन-फ्रेंच में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएफएलटी)
2. विदेशी भाषा अध्यापन-जर्मन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएफएलटी)
3. विदेशी भाषा अध्यापन-रशियन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएफएलटी)

**डिप्लोमा प्रोग्राम्स एवं सर्टिफिकेट कोर्सेज**
1. विदेशी भाषा अध्यापन-फ्रेंच में डिप्लोमा (डीएफएलटी)
2. विदेशी भाषा अध्यापन-जर्मन में डिप्लोमा (डीएफएलटी)
3. विदेशी भाषा अध्यापन-रशियन में डिप्लोमा (डीएफएलटी)
4. सहकारिता प्रबंधन में डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशियंसी
5. माइक्रो फाइनैंस प्रैक्टिसेज एंड वीमन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
6. फॉक मैडीसन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
7. सहकारिता प्रबंधन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी

**स्वामी रत्तन देव रीजनल सेंटर - खरल (जींद)**
एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स
1. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
3. संस्कृत में बी.ए. (ऑनर्स) (सिंगल मेजर)
4. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स) मल्टीडिसिप्लीनेरी प्रोग्राम

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स
1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.
3. हिन्दी में एम.ए.

**रीजनल सेंटर - कृष्ण नगर (रेवाड़ी)**
एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स
1. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी),
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स
1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.

**महत्वपूर्ण जानकारी :-**
1. उपरोक्त प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 28.05.2026 से 25.06.2026 तक किया जाएगा।
2. सभी प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश क्वालीफाइंग परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
3. *एलएल.एम. में प्रवेश बीपीएसएमवी द्वारा आयोजित किए जाने एंट्रेंस टेस्ट की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
4. **प्रवेश उनके सम्बद्ध नियामक निकायों द्वारा आयोजित काउंसलिंग के आधार पर किया जाएगा।
5. ***एम.टेक. (सीएसई), एम.टेक. (ईसीई) और एम.टेक. (आईसीटी) को एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित किया जाना शेष है।
6. ऑनलाइन प्रवेश आवेदन जमा करने के लिए प्रोसेसिंग चार्जेज सामान्य श्रेणी के लिए रु. 500/- और केवल हरियाणा के एससी, बीसी और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए रु. 125/- है। विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।
7. ऑनलाइन प्रवेश हेल्प डेस्क नं. और ई-मेल हैं : 8059013131, 9729144411, helpadmission@bpswomenuniversity.ac.in
8. किसी विस्तृत प्रोग्राम के बारे में जानने के लिए, प्रवेश को-ऑर्डिनेटर्स से सम्पर्क करें, जिनके नम्बर विवरणिका 2026-27 में दिये गये हैं।

**आएं और बेहतर भविष्य के लिए हमें ज्वाइन करें**

संवाद-1239/11/90/2027/45248/सी/88/6 दि. 15.05.26 रजिस्ट्रार

चिंतन

# यह महंगाई की शुरुआत लग सकते हैं और झटके

दुनिया के हालातों को देखते हुए समय कठिन है। ऐसे में सरकार भी कुछ चुभने वाले कठिन फैसले ले रही है। ये आम आदमी की नजर में पीड़ादायक हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के हालातों पर नजर डालें तो यह फैसला राहत देने वाला है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। यह बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे आर्थिक ढांचे पर पड़ता है। मालभाड़ा बढ़ने से खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाइयों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगते हैं। यही कारण है कि लोग इसे महंगाई की नई शुरुआत मान रहे हैं। दरअसल, मौजूदा संकट केवल घरेलू नहीं, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है। खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालातों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति और कीमत दोनों को प्रभावित किया है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मामूली उछाल भी सीधे देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। यही वजह है कि सरकार को कई बार ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं जो अलोकप्रिय तो दिखते हैं, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए जरूरी माने जाते हैं। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा। मालभाड़ा बढ़ने से रोजमर्रा की सभी चीजें महंगी होंगी। खाड़ी के हालात जल्दी सुधरते नजर नहीं आ रहे। विश्लेषकों का मानना है कि यह महंगाई की शुरुआत है। लोगों को अभी और झटके सहने के लिए तैयार रहना चाहिए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तेल और गैस पर समझौते के लिए यूएई और नॉर्वे समेत नॉर्डिक देशों के दौरे पर हैं। उम्मीद है कि वहां से अच्छी खबर मिलेगी। भारत नए ऊर्जा साझेदारों की तलाश कर रहा है, ताकि भविष्य में किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम की जा सके। हालांकि आम नागरिक के लिए यह तर्क उतना राहत देने वाला नहीं है, क्योंकि मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के लिए रसोई का बजट संभालना कठिन हो जाता है। निजी वाहन चलाना महंगा पड़ता है, सार्वजनिक परिवहन का किराया बढ़ता है और छोटे व्यापारियों की लागत भी बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों के भीतर असंतोष पैदा होना स्वाभाविक है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह भी समझना होगा कि कई बार सरकारों के पास विकल्प सीमित होते हैं। यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ेगा। भले ही युद्ध जल्द समाप्त हो जाए, लेकिन आपूर्ति तंत्र को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। इसलिए मौजूदा समय को एक तरह से "न्यू नॉर्मल" के रूप में देखने की जरूरत है, जहां वैश्विक अस्थिरता का असर सीधे आम जीवन पर दिखाई देगा। इतिहास गवाह है कि हर आर्थिक संकट स्थायी नहीं होता। दुनिया ने महामारी, युद्ध और मंदी जैसे कई कठिन दौर देखे हैं और उनसे बाहर भी निकली है। भारत जैसी मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में भी चुनौतियों से निपटने की क्षमता मौजूद है। जरूरत धैर्य, संतुलित नीतियों और सामूहिक सहयोग की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वैश्विक हालात जल्द सुधरेंगे, ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होगी और महंगाई का दबाव धीरे-धीरे कम होगा। महंगाई की यह आहट आने वाले कठिन दौर का संकेत जरूर है, लेकिन यदि सरकार दूरदर्शिता और जनता संयम के साथ काम करे, तो यह कोहरा भी एक दिन छंट जाएगा और अर्थव्यवस्था फिर से स्थिरता की राह पर लौटेगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती महंगाई और घटती विकास दर

न दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल- डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इनके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। ऐसे में पश्चिम एशियाई संकट के कारण नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वे जहां तक संभव हो, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इलेक्ट्रिक कारों और कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। साथ ही कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स को बढ़ावा दें। देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट के झटकों और वैश्विक अनिश्चितता के लिए खुद को तैयार रखने संबंधी टिप्पणियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई का दबाव बढ़ने पर अब नीतिगत रेपो रेट में वृद्धि की कार्रवाई की जानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि घटती हुई विकास दर के बीच भी भारत की कई आर्थिक अनुकूलताएं भी दिखाई दे रही हैं। भारत लगातार व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। राजनीतिक स्थिरता के परिदृश्य से भारत पर दुनिया का आर्थिक भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब भारत में देशी-विदेशी निवेश बढ़ने के साथ विदेश व्यापार और सेवा निर्यात का ग्राफ भी बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा। इस समय भारत के द्वारा विकास दर की चुनौती का सामना करने के लिए एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर निर्यातकों को कम या शून्य का लाभ देने के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाने के मद्देनजर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) सुनिश्चित की गई है। भारत भी न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क



समाप्त करेगा या कम करेगा। इस एफटीए से अगले 5 वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद मिलेगी। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के एफडीआई की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। ये दोनों एफटीए भारत से निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाले साबित हो सकते हैं। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए का क्रियान्वयन भी भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद होगा। इस एफटीए से दो अरब लोगों का विशाल बाजार बनेगा। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। इस समय मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। यह बात ध्यान रखनी होगी कि अभी अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में जल्दबाजी न की जाए। भारत को अमेरिका के अधिक स्थिर और कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार प्रणाली विकसित करने तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर अंतिम फैसले को लेकर इंतजार करना चाहिए। यह बात अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा जितनी कुशलता से व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया जाएगा, उतने ही अधिक भारत से निर्यात बढ़ सकेंगे। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विकास दर बढ़ाने के लिए अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करना होगा। पिछले दिनों उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव ने कहा कि नीतिगत सुधारों और आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों की मदद से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आंकड़ा 90 अरब डॉलर के पार जा सकता है। ज्ञातव्य है कि 9 मई को उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक्ष व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) के अधीन काम करने वाली एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने कहा कि दुनिया के दस प्रमुख देश भारत में उद्योग-कारोबार के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 45 अरब डॉलर के निवेश करने के इच्छुक हैं। ऐसी संभावनाओं को साकार करने के लिए भारत में बंदरगाह, एयरकार्गो, लॉजिस्टिक्स और अन्य निवेश सुविधाएं बेहतर बनाना होगी। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के बीच इस समय जब भारत की विकास दर घटते हुए दिखाई दे रही है, तब अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए हमें बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कई बातों पर ध्यान देना होगा। अब अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय, भारत को मध्यम अवधि की राजकोषीय और बाह्य स्थिरता को सुरक्षित रखना होगा। लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। अब भारत का ध्यान सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर होना चाहिए। एआई जैसे उच्च-स्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल अधोसंरचना, और नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से आसान बनाना होगा, जो सीमाओं के पार सेवा निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकें। इस बात की ओर भी ध्यान देना होगा कि भारत का जो निर्यात कुछ ही बाजारों और कुछ ही देशों तक सीमित है, उसे विभिन्न वस्तुओं और अधिक देशों तक विस्तारित किया जाए। इन सबके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

योगेश कुमार सोनी



# आम आदमी पार्टी को पुनः स्थापित होने की जरूरत

बीते दिनों आम आदमी पार्टी में आए भूचाल से अंदरूनी खाने पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर पड़ी है। पार्टी के 7 राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। यह घटना आप के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। राज्यसभा में पार्टी के 10 में से केवल 3 सदस्य ही रह गए हैं। यह विषय एक बारगी देशभर में सुर्खियां बन गया था, लेकिन बीते दिनों पांच राज्यों के चुनाव में दब गया। अब फिर इस घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो गई है। मौजूदा स्थिति में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की नींव पूरी तरह हिल चुकी है। जैसा कि सब जानते हैं कि आप की सत्ता का रास्ता दिल्ली से निकला था, उसके बाद उसने देशभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी और पंजाब का भी किला फतह किया था। जिस स्तर से पार्टी की रफ्तार पकड़ी थी, उससे बहुत कुछ बड़ा हो रहा था और आगे भी भविष्य सुगम नजर आ रहा था, लेकिन भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि तीन तिहाई सांसद एक साथ दूसरी पार्टी में चले गए। कानून के अनुसार यदि कोई निर्वाचित सांसद स्वेच्छा से अपनी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता छोड़ता है या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होता है तो वह सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है। 'स्वेच्छा से सदस्यता छोड़ने' का मतलब सिर्फ इस्तीफा देना ही नहीं, बल्कि दूसरी पार्टी जॉइन करना भी इसी कैटेगरी में आता है। दिल्ली के परिवेश में समझें तो दशकभर राजधानी में राज करके आज आम आदमी पार्टी विपक्ष का किरदार निभा रही है। अब आप की इस स्थिति के बाद जो सांसद विपक्ष में बैठकर पार्टी की आवाज उठाते थे, आज वो बीजेपी के समर्थन में बोल रहे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि पार्टी चाहे इस पर कुछ भी सफाई दे, लेकिन आंतरिक तौर पर स्थिति कमजोर पड़ गई। इससे अब दिल्ली की राह भी कठिन बन गई है। अगले साल पंजाब में भी विधानसभा चुनाव हैं, इसको भी लेकर पार्टी की चिंता बढ़ी हुई है। बागी सांसदों ने आप का साथ तो छोड़ा ही, लेकिन तुरंत बीजेपी भी ज्वाइन कर पार्टी के अस्तित्व को झकझोर कर रख दिया। इस वजह से जो पार्टी अपनी आक्रामक शैली से चुनाव लड़ने के लिए जानी जाती थी, आज वह बेहद कमजोर सी महसूस कर रही होगी। राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रमजीत साहनी संसद में रचनात्मक तरीके से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। अब यह सारी आवाजें विपरीत दिशा के साथ निकल रही हैं अर्थात जो सत्ता पक्ष के विपरीत मुखर होते थे, आज वह उनका ही समर्थन कर रहे हैं। भारतीय राजनीति में ऐसी बगावत नई नहीं है लेकिन सवाल है कि जिस पार्टी को स्थापित हुए अभी डेढ़ दशक भी नहीं हुआ, उसके महत्वपूर्ण नेता आखिर दामन क्यों छोड़ते जा रहे हैं? राघव चड्ढा, संदीप पाठक तो पार्टी के शुरुआती दिनों से रणनीतिकार और संगठक रहे हैं। दोनों केजरीवाल के नजदीक भी माने जाते रहे। स्वाति मालीवाल का दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर कार्यक्षेत्र तो दिल्ली था पर, बीजेपी शासित राज्यों में हुए कथित महिला अत्याचारों की जांच के लिए भी वह पहुंचती थीं। अब वे भी बगावती हैं। बहरहाल, कई ऐसे मुद्दे हैं जो विधानसभा से ज्यादा लोकसभा में ज्यादा प्रभावी माने जाते हैं जिससे किसी भी राज्य की केन्द्रीय स्तर की समस्या या सुझाव को राष्ट्रीय स्तर समझा जाता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब आम आदमी पार्टी को बड़े नाम छोड़कर निकले हों। पार्टी के संस्थापकों में शामिल रहे योगेंद्र यादव और मशहूर वकील प्रशांत भूषण को शुरू में ही निकल गए थे। अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ रहीं पूर्व पुलिस अधिकारी किरण बेदी ने अलग राह चुनी। जेएनयू के प्रोफेसर रहे आनंद कुमार और कैलाश गहलोत समेत कई अलग हो गए। कुमार विश्वास ने पार्टी से दूर रहकर अपनी कवि रूप में पहचान बनाए रखना ही सही समझा। संजय सिंह ने पहले भी बागियों के कडे.शब्दों का प्रयोग किया था और इन सातों सांसदों ने पंजाब की पीठ में छुरा घोंपने जैसा काम किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे एक अच्छी सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं। इन सब प्रकरण के बाद दिल्ली की राह को लेकर विश्वास को बनाए रखने के लिए कितनी चुनौतियां सामने आ चुकी इसको केजरीवाल भलिभांति समझ तो रहे हैं लेकिन हालात को लेकर अब वो इससे कैसे निकलें इसकी रणनीति बेहद गंभीरता से बनानी होगी चूंकि दिल्ली में उनका वोट ऑफ प्रतिशत ठीक है। भले ही वो चुनाव हारे हो, समीकरणों के आधार पर यह तो तय हो जाता है कि अब पार्टी को पुनः स्थापित होने के लिए फिर से नई रणनीति की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शुभ व अशुभ इच्छाएं हर मानव में विद्यमान



संकलित

दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित

प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की साख पर सवाल

देश में हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में करीब 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इन विद्यार्थियों ने डॉक्टर बनने का सपना साकार करने के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया, घर-परिवार से दूर रहकर दिन-रात पढ़ाई की और अपने भविष्य को संवारने के लिए हरसंभव त्याग किया। लेकिन परीक्षा समाप्त होते ही पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जांच एजेंसियों के लगातार खुलासों से यह स्पष्ट हो गया कि प्रश्नपत्र बड़े पैमाने पर और सुनियोजित तरीके से लीक किए गए थे।

– प्रोमिला कुमारी, रोहतक

## ट्रेंड

### ज्ञान जीवन की पूंजी



ज्ञान जीवन की ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। ज्ञान हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर सफलता और आत्मविश्वास की ओर ले जाता है। विद्वान की विश्व में प्रशंसा होती है, विद्वान का सर्वत्र सम्मान होता है।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### सुखदेव की जयंती



अमर क्रांतिकारी सुखदेव की जयंती पर मैं उन्हें नमन अर्पित करता हूं। अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक सुखदेव ने अपना पूरा जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया, स्वतंत्रता को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### डॉ. केतन को नमन



गोवा से हमारे युवा कांग्रेस नेता डॉ. केतन भाटिकर के असामयिक निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक प्रख्यात फिजियोथेरेपिस्ट थे, जिन्होंने निष्ठा और दृढ़ विश्वास के साथ जनता की सेवा की। उनके परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### प्रबुद्ध समाज का सम्मान




भारत ने हमेशा अपने प्रबुद्ध समाज का सम्मान किया है। देश, समय और परिस्थितियों के अनुरूप समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में हमारे प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

### हंता वायरस प्रभावित छह यात्री आस्ट्रेलिया पहुंचे

हंता वायरस की चपेट में आए एक क्रूज जहाज के छह यात्री शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे, जहां उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक पृथक-वास में रहना होगा। नीदरलैंड से इन्हें लेकर आया 'गल्फस्ट्रीम लॉन्ग-रेंज बिजनेस जेट' पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की राजधानी पर्थ के बाहर स्थित 'आरएएएफ बेस पियर्स' पर उतरा। यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को नजदीकी 'बुल्सब्रुक' पृथक-वास केंद्र में स्थानांतरित किया जाना था। ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सरकार इस वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए दुनिया के किसी भी हिस्से की तुलना में सबसे मजबूत पृथक-वास व्यवस्थाओं में से एक लागू करेगी। पांच ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के एक नागरिक को इस केंद्र में तीन सप्ताह की पृथक-वास अवधि बितानी होगी। बटलर ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार इस वायरस के लक्षण सामने आने में 42 दिन तक का समय लग सकता है। इसलिए, तीन सप्ताह के पृथक-वास के बाद शेष दिनों के दौरान क्या सावधानियां बरती जाएं, इस पर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, नीदरलैंड से रवाना होने से पहले इन सभी छह यात्रियों की वायरस जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी और किसी में भी इसके लक्षण नहीं दिखे थे।



## ऑफ बीट

### अब वेबसाइटें बार-बार क्यों मांगती हैं कैप्चा

आप किसी लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम के टिकट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं और लिंक पर क्लिक करते ही भुगतान से पहले आपसे छोटे-छोटे धुंधले चित्रों के समूह में ट्रैफिक लाइट, साइकिल या ज़ेब्रा क्रॉसिंग पहचानने को कहा जाता है। बहुत से लोगों के लिए यह अब रोजमर्रा की ऑनलाइन जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। वित्तीय ऐप में लॉग इन करना, ऑनलाइन खरीदारी करना या नया खाता बनाना अब अक्सर ''यह साबित करने'' से जुड़ गया है कि आप मानव हैं। इन प्रणालियों को 'कैप्चा' (सीएपीटीसीएचए) कहा जाता है। सवाल यह है कि ये अब हर जगह क्यों दिखाई देने लगी हैं? इसका सीधा जवाब यह है कि वेबसाइटें अब बॉट्स के खिलाफ तेजी से बढ़ती जंग लड़ रही हैं। बॉट ऐसे स्वचालित सॉफ्टवेयर होते हैं जो इंटरनेट पर मनुष्यों जैसा व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में प्रगति के कारण ये बॉट अब पहले से कहीं अधिक स्मार्ट, सस्ते और पहचान में मुश्किल हो गए हैं। वेबसाइटों को क्यों चाहिए यह सबूत कि आप मानव हैं : आज इंटरनेट पर होने वाले भारी ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा स्वचालित प्रणालियों से संबद्ध है। इनमें कुछ उपयोगी होते हैं, जैसे गूगल सर्च के लिए पेजों को सूचीबद्ध करने वाले सर्च इंजन क्रॉलर।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 2027 वर्ल्ड कप पर कोहली का दो टूक, इतनी मेहनत के बाद भी अहमियत साबित करनी हो, तो नहीं!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विराट कोहली को अब भी क्रिकेट से इतना लगाव है कि वह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि अगर किसी विशेष 'माहौल' में उनकी योग्यता पर लगातार सवाल उठाए जाते हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी कि वह 'जगह' उनके लिए नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने महत्व को लेकर किए जा रहे आकलन में लगातार बदलाव से नफरत है।

कोहली ने कहा, 'मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें कुछ योगदान दे सकता हूं और टीम को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत महसूस कराई जाती है तो मैं उस माहौल में नहीं रह सकता।'



*कोहली ने कहा, 'जिस पल मुझे लगा कि लोग मेरे लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं और अलग-अलग बात कर रहे हैं। या तो चुप रहो और मुझे खेलने दो या तो स्पष्ट व ईमानदार रहो। अगर आप अपने काम की जगह पर जाते हैं और लोग कहते हैं कि हमें आपकी क्षमता में भरोसा है और एक सप्ताह बाद वे तरीके पर सवाल करने लगे, तो फिर क्या मतलब। या तो मुझे पहले ही दिन कह दो कि मेरा खेल ठीक नहीं है या मेरी जरूरत नहीं लेकिन आपने कहा है कि मैं ठीक हूं और हम कुछ दूसरी बात नहीं सोच रहे तब चुप रहो।'*

## मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं

विराट ने कहा, 'मैं हमेशा तैयार रहता हूं क्योंकि यही मेरी रोजमर्रा की जिंदगी है। मैं कसरत करता हूं, हम घर पर अच्छा खाना खाते हैं। मुझे इस तरह जीना पसंद है। यह केवल क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं है। मेरा कहने का मतलब है कि 2027 के विश्व कप को लेकर होने वाली बातें और बाकी सब। मुझे कई बार पूछा गया है कि क्या आप 2027 में खेलना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे इसका जवाब पता है और अगर मैं खेल रहा हूं तो फिर मैं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना शानदार है।'

## मुझे किसी को कुछ साबित नहीं करना

कोहली ने 2025-26 सत्र के दौरान दो दशकों के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का उदाहरण दिया। उन्होंने दिल्ली के लिए दो मैच खेले और उनमें से एक में शतक लगाने के साथ-साथ लिस्ट ए में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। उन्होंने कहा, 'मैं तब स्पष्ट सोच के साथ वहां गया था कि मुझे वहां किसी को कुछ साबित नहीं करना है। मैं वहां खेलने गया क्योंकि मुझे खेल खेलना पसंद है।' कोहली ने कहा, ''मैं इसलिए खेलना चाहता हूं क्योंकि मुझे खेल से प्यार है। मुझे बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आने लगा। मुझे फिर से एक बच्चे जैसा महसूस हुआ। मुझे लगा कि यह किसी और को लेकर नहीं बल्कि यह केवल मेरे और खेल के बारे में है।

## मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार

कोहली ने कहा, 'मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार हूं, मैं खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के प्रति ईमानदार हूं। मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। जब मैं खेलने के लिए जाता हूं तो मैं दूसरों से कम नहीं बल्कि उनसे भी ज्यादा मेहनत करता हूं और सही तरीके से खेलता हूं।' कोहली ने खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में कहा कि वह हमेशा कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहते हैं। विराट ने कहा, 'मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हूं। इस तरह से खेलने के बाद भी अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं है।'

**इटैलियन ओपन**

# एलिना की फाइनल में एंट्री, इगा को हराया

एजेंसी ⏭ रोम

दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में तीन बार की विजेता इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। स्वितोलिना 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार फाइनल मैच में पहुंची हैं। खिताबी मुकाबले में स्वितोलिना का सामना कोको गॉफ से होगा। स्वितोलिना तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम करना चाहेंगी, तो गॉफ की निगाहें पहली बार इस ट्रॉफी को उठाने पर होंगी। इसके साथ ही, दोनों खिलाड़ी सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश भी करेंगी। स्वितोलिना इस साल गॉफ को दो बार हरा चुकी हैं, और वह अपने इस शानदार रिकॉर्ड को फाइनल में भी कायम रखना चाहेंगी।



## गॉफ और स्वितोलिना का हेड टू हेड रिकॉर्ड

गॉफ के खिलाफ एलिना स्वितोलिना का हेड टू हेड रिकॉर्ड 3-2 का रहा है। स्वितोलिना ने गॉफ को ऑस्ट्रेलियन ओपन और फिर दुबई में हराया था। स्वितोलिना और गॉफ की उम्र में 9 साल 182 दिन का फर्क है। यह इटैलियन ओपन के फाइनल में 1990 के बाद सबसे बड़ा उम्र का अंतर है। 1990 में मार्टिना नवरातिलोवा और मोनिका सेलेस के बीच खेले गए फाइनल में उम्र का अंतर 17 साल 45 दिन था।

**खबर संक्षेप**



## बिना एक भी मैच खेले स्वदेश लौटे रचिन

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे की तैयारियां शुरू करने के लिए आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। केकेआर ने बताया, 'रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे के लिए अपनी टेस्ट क्रिकेट की तैयारियां शुरू करने के लिए घर लौट गए हैं।' केकेआर की टीम शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी। आईपीएल की नीलामी में केकेआर ने दो करोड़ रुपए के बेस प्राइस में रविंद्र को खरीदा था, इस तरह वह इस सत्र में अपनी नई फ्रेंचाइजी के लिए एक भी मैच खेले बिना ही घर लौट गए। केकेआर ने मुख्य ऑलराउंडर के तौर पर बड़े नाम वाले खिलाड़ी कैमरुन ग्रीन को प्राथमिकता दी। 26 वर्षीय रविंद्र अब इंग्लैंड के अपने पहले दौरे के लिए लाल गेंद की ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित करेंगे। न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड में तीन मैच की टेस्ट सीरीज से पहले 27 मई से बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी।



## पाक टीम पर आईसीसी ने लिया तगड़ा एक्शन

**मीरपुर।** पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2025-27 चक्र में मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उसकी टीम के 8 अंक काट दिए गऐ हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार पाकिस्तान ने इस मैच में निर्धारित समय सीमा में 8 ओवर कम किए थे। इस तरह से पाकिस्तान अब अंक तालिका में चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज उससे निचले पायदान पर है।

**आईपीएल: मिचेल मार्श ने 90 रन बनाए, आकाश को 3 विकेट**

# लखनऊ ने जीत के साथ चेन्नई के प्लेऑफ की उम्मीदों को दिया झटका

भाषा ⏭ लखनऊ

मिचेल मार्श की 90 रन की तूफानी पारी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स को 20 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका दिया। सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सुपर जायंट्स ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 188 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और सुपर किंग्स के नेट रनरेट को भी बड़ा झटका दिया। सुपर किंग्स की यह 12 मैचों में छठी हार है, लेकिन टीम का नेट रनरेट 0.185 से गिरकर 0.027 हो गया और टीम तालिका में पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई। मार्श ने 38 गेंदों की पारी में नौ चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए जोश इंग्लिश (35) के साथ महज 70 गेंदों में 135 रन की साझेदारी कर मैच को शुरुआत में ही सुपर किंग्स की पकड़ से दूर कर दिया। मार्श और निकोल्स पूरन (17 गेंदों में नाबाद 32 रन) ने अंशुल कंबोज के एक ओवर में चार-चार छक्के जड़े। कंबोज ने 2.4 ओवर में 63 रन दिए। मार्श की इस आक्रामक पारी ने सुपर किंग्स के कार्तिक शर्मा की बेहतरीन पारी को फीका कर दिया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लड़खड़ाने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने युवा कार्तिक शर्मा की 71 रन की संयमित पारी की बदौलत प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

- सुपर किंग्स तीन मैच जीतने के बाद हारी
- सुपर जायंट्स सात विकेट से जीती



**चेन्नई-187/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का चौधरी बो आकाश सिंह | 20 |
| रुतुराज का पूरन बो आकाश | 13 |
| उर्विल का मार्श बो आकाश सिंह | 06 |
| कार्तिक का मारक्रम बो शाहबाज | 71 |
| ब्रेविस का आकाश सिंह बो शमी | 25 |
| शिवम दुबे नाबाद | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 13 |

अतिरिक्त : 07
कुल: 20 ओवर में 5 विकेट पर 187 रन
विकेट पतन : 1-31, 2-36, 3-52, 4-122, 5-142
गेंदबाजी : शमी 4-0-41-1, आकाश 4-0-26-3, प्रिंस 4-0-49-0, मयंक 4-0-26-0, शाहबाज अहमद 4-0-45-1

**लखनऊ-188/3 (16.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श रन आउट | 38 |
| जोश का उर्विल बो मुकेश | 36 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 32 |
| अब्दुल समद बो जॉनसन | 07 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 13 |

अतिरिक्त : 10
कुल योग: 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 188 रन
विकेट पतन: 1-135, 2-135, 3-144
गेंदबाजी: मुकेश 3-0-24-1, जॉनसन 4-0-39-1, कंबोज 2.4-0-63-0, नूर 4-0-21-0, गुरजपनीत 3-0-34-0

## गुजरात की टॉप-2 पर नजर, केकेआर की उम्मीदों की लड़ाई, आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला

**कोलकाता।** लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को आईपीएल के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं। केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए सातवें मैच (आधे चरण) तक इंतजार करना पड़ा था। वह इस दौरान एक संतुलित टीम संयोजन तैयार करने में नाकाम रहा। केकेआर ने इसके बाद लगातार चार मैच जीते लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शानदार शतक के कारण उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था।

# सिंधू-लक्ष्य थाईलैंड ओपन से बाहर सात्विक-चिराग की जोड़ी आगे बढ़ी

भाषा ⏭ बैंकॉक

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू क्वार्टरफाइनल में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के खिलाफ एक गेम की बढ़त गंवाकर हार गईं लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुषों की युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई। सिंधू 5,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि के सुपर 500 टूर्नामेंट के एक घंटे से ज्यादा समय तक चले महिला एकल क्वार्टरफाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गईं। हार के बावजूद दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू हार जीत के रिकॉर्ड में यामागुची से 15-13 से आगे हैं। जनवरी में हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में सिंधू आगे चल रही थीं और फिर यामागुची के चोट के कारण क्वार्टरफाइनल मैच से हटने के कारण अगले दौर में जगह बनाई थी। लक्ष्य सेन को भी पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल मैच में थाईलैंड के दूसरे वरीय खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि युगल स्पर्धा में कुछ अच्छी खबर भी आई जिसमें सात्विकसाईराज और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जापानी के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की छठी वरीय जोड़ी को 21-12, 21-13 के शानदार स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में गोह जे फेई और नूर इजुद्दीन की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले सिंधू का पहला गेम बराबरी का था जिसमें 11-11 तक एक खिलाड़ी सिर्फ एक अंक से आगे था। उसके बाद यामागुची 13-11 से आगे हो गईं लेकिन सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। 19-19 पर पहुंचने के बाद सिंधू ने अगले दो अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू 5-1 से आगे थीं और ऐसा लग रहा था कि वह लय बनाए रखेंगी। लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को वापसी करने का मौका दे दिया जिससे स्कोर 11-11 से बराबर हो गया। यामागुची ने लगातार सात अंक लेकर 14-11 की बढ़त बना ली। यामागुची लय में आ गईं और उन्होंने यह गेम 21-18 से जीत लिया। निर्णायक गेम में सिंधू पूरी लय में नहीं थीं और पूरे समय पीछे ही रहीं। 0-5 से पिछड़ रही भारतीय खिलाड़ी ने अंतर को कम करते हुए स्कोर 11-12 तक पहुंचाया। लेकिन यामागुची ने अपनी गति बढ़ाई और निर्णायक गेम 21-15 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। मैच के बाद सिंधू ने कहा, ''मुझे लगा कि मैंने कुछ आसान गलतियां कीं क्योंकि दूसरे गेम में मैं बढ़त बनाए हुए थी।

## भारत की अंडर-18 पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया से ड्रॉ खेला, महिला टीम ने भी चुनौती पेश की


**भोपाल।** भारत की अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। मेज़बान टीम की ओर से आकाश दीप (11वें मिनट) और दीपक प्रकाश टोप्पो (45वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेट जॉनस्टोन (दूसरे मिनट) ने मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई जबकि फ्रैंकी बेकर (60वें मिनट) ने खेल के आखिरी मिनट में बराबरी का गोल किया। महिलाओं के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम ने 4-3 से जीत हासिल की। ऑरोरा कोवासेविच (21वें मिनट) ने मेहमान टीम को बढ़त दिलाई जिसके बाद दीया (22वें मिनट) ने तुरंत भारत के लिए बराबरी कर ली। इसके बाद मेजबान टीम ने दो गोल की बढ़त बना ली जिसमें किरण एक्का (42वें मिनट) और कप्तान स्वीटी कुजूर (48वें मिनट) ने गोल किए। लेकिन मिया क्लिम्प्सच (54वें मिनट) और स्टेला बार्थोलोम्यूज (54वें, 55वें मिनट) के आखिरी समय में किए गए गोलों की मदद से मेहमान टीम ने भारत को हरा दिया। महिला टीम रविवार को इस सीरीज का अपना दूसरा मैच खेलेगी जबकि पुरुष टीम अपना दूसरा मैच शाम को बाद में खेलेगी।

**एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: दो स्वर्ण, सात रजत व आठ कांस्य पदक पर कब्जा**

# अंडर-17 आयुवर्ग में देश के खिलाड़ियों ने 17 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अंडर-17 अभियान कुल 17 पदकों के साथ समाप्त किया। इन पदकों में दो स्वर्ण, सात रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं, जिसमें लड़कियों के दल ने सबसे आगे रहकर नेतृत्व किया। अंडर-17 लड़कियों ने 12 पदकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें दो स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जबकि अंडर-17 लड़कों ने एक रजत और चार कांस्य पदकों का योगदान दिया। लड़कियों के फाइनल मुकाबलों में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। राखी (46 किग्रा) ने दूसरे राउंड में रुखशोनबोनु अहदोवा के खिलाफ जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। नव्या (57 किग्रा) ने सारा कोनो पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करते हुए दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अन्य मुकाबलों में, खुशी चंद (48 किग्रा), दीया (63 किग्रा) और हिमांशी (70 किग्रा) ने रजत पदक जीता। लड़कों में नमन बुधवार ने कांस्य पदक जीता। लड़कों के फाइनल में, लक्ष्य फोगट (75 किलोग्राम) को मारुफजोन तोशपुलातोव के हाथों 0-5 से हार मिली, जिसके बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। लड़कों के दल ने कुल मिलाकर 1 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया।



## शानदार प्रदर्शन तो महज एक शुरुआत : मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे मुक्केबाजों ने जो जोश और तकनीक दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। विशेष रूप से लड़कियों ने जिस तरह से रिंग में नेतृत्व किया, वह गर्व का विषय है। यह शानदार प्रदर्शन तो महज एक शुरुआत है; मुझे पूरा विश्वास है कि यही खिलाड़ी भविष्य में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े मंचों पर तिरंगा फहराएंगे। कोच संजीव ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।*

**सैनी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) रोहतक।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 8.4.2026 को राष्ट्रीय अखबार अमर उजाला (हिंदी) और दि ट्रिब्यून (इंग्लिश) में सोसाइटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने के संबंध में दिए गए विज्ञापन में निर्धारित फार्म-X को जमा करवाने की अंतिम तिथि दिनांक 15-5-2026 से बढ़ाकर दिनांक 01-06-2026 निर्धारित की गई है। बढ़ाई गई तिथि भविष्य में आगे नहीं बढाई जाएगी। कृपया इसे अंतिम मौका समझे। इसके बाद सोसाइटी की फाइनल/अन्तिम आजीवन सदस्यता सूची जारी कर दी जाएगी। अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। किसी आजीवन सदस्य की मृत्यु संबंधी सूचना सोसाइटी की ईमेल Id : sainieducationsocietyrohtak1@gmail.com पर, रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा मोबाइल फोन 9868264666, 9813601244 पर WhatsApp के माध्यम से दी जा सकती है।

प्रधान
अवनीश कुमार सैनी

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/ निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा का तरीका | E-Tender (One Packet) | निविदा सूचना संख्या | 129-W/DY. CE/C/ UMB/2026-27 |
| कार्य का नाम एवं स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/ निर्माण, अम्बाला छावनी के अधीन अंबाला डिवीजन के जेएचएल–एचएसआर खंड पर बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन और जमालपुर शेखा रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप का प्रावधान | | |
| अनुमानित/ निदेशात्मक परियोजना लागत | ₹ 630.47 लाख | कार्य निष्पादन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | ₹ 12,61,000.00 | | |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 14:00 बजे दिनांक 16.05.2026 से 06.06.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। | | |
| निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/ समय | 06.06.2026 को 14:00 बजे तक, निविदाकर्ता द्वारा 23.05.2026 से 06.06.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। | | |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 14:00 बजे दिनांक 06.06.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। | | |

Tender Notice No:- 129-डब्ल्यू/उप.मु.अभि.नि./अ.छा./2026-27 Dated: 14.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1624/2026

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/जीएस/यूएमबी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए, निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत खुली निविदाएं (ई–टेंडर) आमंत्रित करते हैं ये निविदाएं www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं तथा इनकी अंतिम तिथि 06.06.2026 को 14:00 बजे तक है। निविदाकार केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी मूल/संधोधित बोली प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के विरुद्ध मैनुअल (हस्तचालित) प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने पर ऐसे प्रस्तावों को अनदेखा किया जाएगा। ठेकेदार इस निविदा के अंतर्गत अर्जित धनराशि (Earnest Money) का भुगतान www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ई–पेमेंट गेटवे माध्यमों से नगद रूप में अथवा भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉण्ड के रूप में या निविदा दस्तावेज के अनुसार कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली | निविदा अपलोड तिथि | निविदा प्रारंभ तिथि | बोली समापन तिथि (समय) |
|---|---|---|---|---|---|
| खुला | इंजी–जीएस | एकल पैकेट प्रणाली | 15.05.2026 | 23.05.2026 | 06.06.2026 (14:00 बजे तक) |

| क्र.सं. | निविदा सं. तारीख | निविदा का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05-जीएस–इंजी यूएमबी–2026-27 | अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 12.0 मीटर चौड़े एफओबी (फुटब्रिज) से संबंधित सरहिंद, नांगल डैम और रूपनगर रेलवे स्टेशन पर शेष कार्य। | | | |
| | | विज्ञापन मूल्य | अग्रिम राशि | प्रस्ताव की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| | | 9,86,78,623.45/- | 19,73,600/- | 60 दिन | 06 माह |
| | समान प्रकृति का कार्य :– ''पटरी कार्य को छोड़कर कोई भी सिविल कार्य।'' | | | | |

नोट 1. निविदा में भाग लेने से पूर्व, निविदाकार यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त निविदा के विरूद्ध कोई संशोधन/परिशिष्ट जारी तो नही किया गया है।

खुली निविदा सूचना पत्र सं. NIT-05-GS-Engg-UMB-2026-27 Date: 15.05.2026 1640/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
5 वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
********

**वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना**

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक खुला रहेगा। इसका विवरण निम्नानुसार है:

i. आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर किए जायेंगे।
ii. वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई, 2026 तक प्राप्त आवेदन/नामांकन पर ही विचार किया जाएगा।
iii. वर्ष 2026 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से सम्बंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए। व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत उप-श्रेणियों-सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन, श्रेष्ठ दिव्यांगजन और श्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बाल/बालिका के लिए, यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
iv. भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट (www.depwd.gov.in) पर उपलब्ध "दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर भी देखे जा सकते हैं।

अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 011-24369057

CBC 38117/11/0001/2627




## खाड़ी संघर्ष पर ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले

# भारत निभा सकता है सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारत और ईरान के रिश्तों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता और मजबूत रणनीतिक सहयोग मौजूद है। उन्होंने भारतीय सरकार और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मेहमाननवाजी की खुलकर सराहना की। अराघची ने कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान, जब उनके देश पर आक्रामक कार्रवाई हो रही थी, तब भी भारत लगातार संपर्क में रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने न सिर्फ कूटनीतिक समर्थन दिया बल्कि मानवीय सहायता के जरिए भी ईरानी जनता के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। भारत हमेशा से इस क्षेत्र में संतुलित और सम्मानजनक भूमिका निभाता रहा है।

**ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने आगे आए**

### *सभी देशों के बीच भारत की छवि सकारात्मक*

*भारत ने कूटनीतिक और मानवीय समर्थन दिया शुक्रिया*

*भारत इस क्षेत्र में हमेशा संतुलित भूमिका निभाता रहा*



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और विदेश मंत्री एस. जयशंकर

अराघची ने पश्चिम एशिया संकट में भारत की भूमिका को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में आगे आए। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका निभाता है तो ईरान उसका स्वागत करेगा।

### चाबहार पोर्ट भारत के लिए 'गोल्डन गेट'

अराघची ने कहा कि चाबहार पोर्ट भारत और ईरान के सहयोग का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इस परियोजना की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया, कॉकस और यूरोप तक पहुंच का गोल्डन गेट बनेगा।

### अराघची-जयशंकर मिले

जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ बातचीत की। विदेश मंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कर लिखा कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से पश्चिम एशिया के हालात और उसके असर पर विस्तार से बात हुई।

## रूसी विदेश मंत्री ने जताया भरोसा

# भारत भी करा सकता है ईरान यूएस और यूएई के बीच बात

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स बैठक में भाग लेने भारत दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान भारत की कूटनीतिक भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच अगर लंबे समय के लिए किसी स्थायी मध्यस्थ की जरूरत पड़ती है, तो यह भूमिका भारत निभा सकता है। भारत के पास व्यापक कूटनीतिक अनुभव है और वैश्विक स्तर पर संवाद स्थापित करने की क्षमता भी है। लावरोव ने कहा कि भारत इस समय ब्रिक्स का अध्यक्ष है और वह दुनिया के बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देशों में शामिल है। इसलिए क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना भारत के सीधे हित में है। हाल में ईरान द्वारा यूएई पर किए गए हमलों के बाद भारत दोनों देशों को बातचीत की मेज पर ला सकता है।

### भारत को ऊर्जा आपूर्ति जारी रहेगी: लावरोव

लावरोव ने कहा कि मैं गारंटी दे सकता हूं कि रूस की ऊर्जा सप्लाई से जुड़े भारत के हित प्रभावित नहीं होंगे।  रूस हरसंभव कोशिश करेगा कि कोई भी गलत कम्पटीशन भारत और रूस के समझौतों को नुकसान न पहुंचाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस ने ऊर्जा क्षेत्र में कभी भी भारत या किसी दूसरे साझेदार के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाया है। भारत को ऊर्जा की जरूरत है और रूस गैस, तेल और कोयले जैसे हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति लगातार जारी रखे हुए है।

## खबर संक्षेप

### टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर एफआईआर

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान देने का आरोप है।केस उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीब सरकार ने 5 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद यह शिकायत बागुईआटी पुलिस स्टेशन में दी गई।

### जवाद की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अल फलाह विवि समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी द्वारा धन शोधन मामले में दायर नियमित जमानत याचिका पर प्रवर्तन  निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने एजेंसी को नोटिस जारी कर उससे अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने सिद्दीकी की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई जुलाई में तय की है, जबकि अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई इस महीने के अंत में होगी में करने को कहा है। निचली अदालत ने दो मई को सिद्दीकी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा: भारत और यूएई के बीच हुए कई समझौते

# भारत-यूएई संबंधों में नया अध्याय: रक्षा, ऊर्जा और पांच अरब डॉलर के निवेश पर हुए करार

*पीएम मोदी ने यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और लोगों के प्रति भारत की एकजुटता दोहराई। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया*


गर्मजोशी से स्वागत

एजेंसी ▶▶ अबूधाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा की। दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए। इसमें द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा साझेदारी, एलपीजी की आपूर्ति एवं रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व और भारत के आरबीएल बैंक, सम्मान कैपिटल और इन्फ्रास्ट्रक्चर में 5 अरब डॉलर का निवेश शामिल है।

इसके अलावा, दोनों देश के बीच गुजरात के वाडिनार में एक शिप रिपेयरिंग क्लस्टर को स्थापित करने के लिए समझौता हुआ है। अबू धाबी पहुंचने पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच हुई विस्तृत वार्ता में क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग, व्यापार, निवेश, रक्षा, फिनटेक, अवसंरचना, शिक्षा और सांस्कृतिक संबंधों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

**आने वाले वक्त में भारत और यूएई हर क्षेत्र में साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे**


पीएम मोदी और शेख मोहम्मद

### रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहयोग होगा मजबूत

भारत और यूएई ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी ढांचे पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और सूचना आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

### जहाज निर्माण और कौशल विकास:

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और ड्राईडॉक्स वर्ल्ड, दुबई के बीच वाडीनार में पोत मरम्मत क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। जहाज मरम्मत क्षेत्र में कौशल विकास के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, ड्राईडॉक्स वर्ल्ड दुबई और समुद्री एवं जहाज निर्माण उत्कृष्टता केंद्र के बीच त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ।

### आरबीएल बैंक व इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश की घोषणा

दोनों नेताओं ने यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर निवेश की घोषणा का स्वागत किया। इसमें अमीरात न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा आरबीएल बैंक ऑफ इंडिया में 3 अरब डॉलर, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी द्वारा राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के साथ 1 अरब डॉलर तथा इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा सम्मान कैपिटल में 1 अरब डॉलर निवेश शामिल है।

**सीईपीए समझौते की सफलता पर चर्चा:** दोनों नेताओं ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है।

### सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार पर भी सहयोग

भारत के सी-डैक और यूएई की जी-42 के बीच 8 एक्साफ्लॉप सुपर कंप्यूट क्लस्टर स्थापित करने को लेकर टर्म शीट पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने एमआईटीआरआई प्लेटफॉर्म के जरिए वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर संचालन का भी स्वागत किया। इससे सीमा शुल्क और बंदरगाह प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से एकीकृत किया जाएगा।

## ट्रंप और जिनपिंग के बीच शिखर वार्ता समाप्त

# चीन ने नहीं दिया तवज्जो 'डाउनग्रेड' हुए राष्ट्रपति ट्रंप!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर बीजिंग से रवाना हो गए। ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध और व्यापार सहित कई मुद्दों पर कई दौर की बातचीत की।  व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहना चाहिए। लेकिन इन सबके बाद भी ट्रंप की इस यात्रा को कूटनीतिक हलकों में 2017 की तुलना में 'कमतर' माना जा रहा है।

### ताइवान पर दी धमकी

ताइवान मुद्दे पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का रुख बेहद कड़ा रहा। उन्होंने इसे 'शांति बनाम आजादी' की लड़ाई बताते हुए अमेरिका को स्पष्ट चेतावनी दी कि गलत कदम दोनों देशों को युद्ध की ओर ले जा सकता है। इस मुद्दे पर ट्रंप की 'खामोशी' विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

## अमेरिका और चीन संबंधों को स्थिर करने में प्रगति का किया दोनों ने दावा

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपनी वार्ता को श्ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण बताया। हालांकि किसी भी विवादास्पद मुद्दे पर कोई समझौता नहीं हुआ है। शी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक आवास झोंगनानहाई में ट्रंप का स्वागत किया जहां अंतिम दौर की बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने प्राचीन वृक्षों और चीनी गुलाबों से सुसज्जित परिसर में थोड़ी देर सैर की, जहां पक्षियों और पारंपरिक चीनी पर्वतीय दृश्यों को उकेरा गया था। चाय और दोपहर के भोजन के दौरान ट्रंप और शी के साथ उनके शीर्ष सहयोगी और अनुवादक मौजूद थे।



### ईरान को सैन्य सामान नहीं देगा चीन: ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि जिनपिंग भी ईरान और अमेरिका के बीच डील चाहते हैं। उनका दावा है कि चीन के राष्ट्रपति ने बातचीत में मदद की पेशकश भी की। ट्रंप ने कहा कि जिनपिंग का भी मानना है कि ईरान के हाथ परमाणु हथियार नहीं लगने चाहिए। ट्रंप ने कहा कि शी ने विश्वास दिलाया कि चीन ईरान को सैन्य सामग्री नहीं देगा।

## फ्रिज में रखा तरबूज खाने के बाद बिगड़ी तबीयत

# तरबूज खाने से पिता की मौत बेटा मौत से कर रहा संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां गर्मी से राहत पाने के लिए खाया गया तरबूज एक परिवार के लिए काल बन गया। तरबूज खाने के कुछ ही देर बाद पिता-पुत्र की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में पिता ने दम तोड़ दिया, जबकि बेटे की हालत बेहद नाजुक है और वह आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक, श्योपुर शहर के रहने वाले इंदर परिहार और उनके बेटे विनोद ने सुबह शरीर की गर्मी और जलन को शांत करने के लिए फ्रिज में रखा तरबूज खाया था। तरबूज खाने के कुछ ही समय बाद दोनों को पेट में तेज जलन, घबराहट और कमजोरी




महसूस होने लगी। देखते ही देखते दोनों की हालत बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन दोनों को तुरंत श्योपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद इंदर परिहार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कोटा रेफर कर दिया। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था; कोटा पहुंचने से पहले ही रास्ते में इंदर परिहार की मौत हो गई। वहीं, बेटे विनोद को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहाँ उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## 'ड्रग्स पर वैश्विक युद्ध' का गृहमंत्री अमित शाह का ऐलान

# भारत को ट्रांजिट रूट बनाने नहीं देंगे, दुनिया को साथ आना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ड्रग्स तस्करी और नार्को-टेरर नेटवर्क के खिलाफ वैश्विक स्तर पर संयुक्त लड़ाई का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत देश में 'एक ग्राम' नशा भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और न ही भारत को ड्रग्स ट्रांजिट रूट बनने दिया जाएगा। रॉ द्वारा आयोजित आर.एन. काओ मेमोरियल लेक्चर-2026 में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2047 तक 'ड्रग फ्री इंडिया'का राष्ट्रीय लक्ष्य तय किया है और सुरक्षा एजेंसियां ड्रग सिंडिकेट खत्म करने के लिए रोडमैप पर काम कर रही हैं। शाह ने कहा कि ड्रग्स केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर खतरा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दुनिया ने अभी सामूहिक प्रयास नहीं किए तो आने वाले दस वर्षों में नुकसान इतना बड़ा हो जाएगा कि



उसे पलटना मुश्किल होगा। गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग माफिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कमजोरियों और अलग-अलग देशों की नीतियों का फायदा उठाते हैं। ऐसे में दुनिया को प्रतिबंधित पदार्थों की एक समान परिभाषा, ड्रग तस्करी पर समान सजा और अपराधियों के प्रत्यर्पण को लेकर साझा कानूनी ढांचा तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से मिलने वाला पैसा आतंकवाद, संगठित अपराध और समानांतर अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इसलिए 'नार्को नेटवर्क' और 'नार्को-टेरर स्टेट्स' दोनों के खिलाफ एक साथ कार्रवाई जरूरी है। अमित शाह ने खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम साझा करने, सीमा पार संयुक्त अभियान चलाने और ड्रग किंगपिन्स की गिरफ्तारी व प्रत्यर्पण में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में भारत ने मित्र देशों के सहयोग से 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को वापस लाने में सफलता हासिल की है।गृह मंत्री ने कहा कि 8 अरब आबादी, 195 देशों और ढाई लाख किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं वाली दुनिया में ड्रग्स की समस्या से 'टुकड़ों में' नहीं निपटा जा सकता। इसके लिए वैश्विक स्तर पर साझा संकल्प और समन्वित कार्रवाई ही सबसे प्रभावी रास्ता है। कार्यक्रम में आर.एन. काओ के परिवार के सदस्य, रॉ के पूर्व प्रमुख, 40 से अधिक देशों के राजदूत और भारतीय सुरक्षा तंत्र के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रतीक यादव से मांगी थी 4 करोड़ की रंगदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह के बेटे प्रतीक यादव से पिछले वर्ष चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया था।  प्रतीक ने चिनहट के पूर्वांचल सिटी निवासी भू-व्यवसायी कृष्णानंद पांडेय, उनकी पत्नी वंदना पांडेय और पिता अशोक पांडेय के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने कारोबार में निवेश के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर बताया गया है कि इससे प्रतीक को काफी नुकसान हुआ और वे मानसिक तनाव में आ गए। ये प्रतीक के लिए बड़ा झटका था और उन्होंने अपने दूसरे कारोबारों पर भी ज्यादा ध्यान देना शुरु कर दिया था।

रकम न देने पर पाक्सो एक्ट के फर्जी मुकदमे में फंसाने और इंटरनेट मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी गई। यही नहीं, एडिट कर फर्जी आडियो तैयार कर उसे वायरल भी किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28